बौद्धभारतीग्रन्थमाला—२२
Bauddha Bharati Series—22

सुत्तपिटके

# मज्झिमनिकायपालि

( १. मूलपण्णासकं )

[ हिन्दी-अनुवादसहितो ]

सम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

Bauddha Bharati Series-22

# The

# MAJJHIMA NIKĀYA

## ( 1. Mūla Paṇṇasakam )

[ Mūla Pariyāya Vagga & Sihanada Vagga ]

*With*

Hindi Translation

**[ First Volume ]**

*General Editor*

**Swami Dwārikā Dās Shastri**

**BAUDDHA BHARATI**

VARANASI

B. E. 2532 ] 1989 [ V. E. 2046

बौद्धभारतीग्रन्थमाला—२२

### सुत्तपिटके

# मज्झिमनिकायपालि

## ( १. मूलपण्णासकं )

[ मूलपरियायवग्गो, सीहनादवग्गो च ]

( हिन्दी-अनुवादसहितो )

[ पठमो भागो ]

पधानसम्पादको

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारती

२५३२ बुद्धाब्द ] वाराणसी [ १९८९ खिष्टाब्द

प्रकाशक :
बौ द्ध भा र ती
पो० बॉ०. १०४९; वाराणसी–१
पिन : २२१ ००१

*Publisher :*
**Bauddha Bharati**
P, B. 1049, VARANASI–1
Pin : 221 001

प्रथम संस्करण : १९८९

**First Edition : 1989**

मूल्य : ७५) रु०
( पचहत्तर रुपया )

**Price : Rs. 75/-**
**( Seventy five Rs. )**

मुद्रक :
चन्द्रप्रभा प्रिंटिंग प्रेस,
वाराणसी.

*Printer :*
**Chandra Prabha Printing Press,**
**VARANASI.**

## प्रकाशकीय वक्तव्य

"अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं" ति ।
—विनयपिटके भगवा बुद्धो ।

बौद्धभारती के स्थापना-काल (सन् १९६८) से ही हमारा यह सङ्कल्प था कि समग्र त्रिपिटक ( बुद्धवचन ) का हिन्दी-अनुवाद के साथ पुनः प्रकाशन होना चाहिये, ताकि वह अन्य भाषाओं के विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो । परन्तु यह कार्य अपने आप में इतना विशाल, गुरुतर और बहुजनसाध्य था कि हमारी यह छोटी सी अल्पसाधन वाली संस्था हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी ।

इसके लिये हमने विगत दश वर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; केन्द्रीय सरकार के शिक्षा मन्त्रालय से, उ० प्र० शासन के शिक्षा-विभाग से, भारत के कई बड़े प्रकाशकों से व धनपतियों और बुद्धिजीवियों से इस शुभ कार्य के लिये आर्थिक साधन जुटाने का निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया ।

अन्त में, विवश होकर हमने बौद्धभारती से ही इस वृहत् वाङ्मय को प्रकाशित करने का निश्चय किया । तदनुसार, सर्वप्रथम मज्झिमनिकाय का यह प्रथम भाग आपके सम्मुख प्रस्तुत किया जा रहा है ।

इसमें हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ संगायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम ( थाईलैण्ड ) तथा पालिटैक्स्ट सोसाइटी लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९५६-६१ में 'पालि त्रिपिटिक प्रकाशन बोर्ड' नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित देवनागरी-संस्करण को आदर्श रूप में रखा है । इसमें हमने बहुत कम परिवर्तन किया है । कहीं-कहीं मुद्रणाशुद्धियों के संशोधन के अतिरिक्त ज्यादा कुछ नहीं किया है ।

साथ ही हमने उक्त सभी संस्करणों की पृष्ठ-संख्या रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है । अनुसन्धाता इससे लाभान्वित होंगे ।

हिन्दी-अनुवाद में हमने आचार्य श्री बुद्धघोष की अट्ठकथा एवं महापण्डित श्री राहुल सांकृत्यायन कृत हिन्दी-अनुवाद का सहारा लेकर, उसे

पालिपाठ के साथ नीचे दिया है। इससे पाठक को पालि एवं उसकी हिन्दी दोनों ही अत्यन्त सरलता से हृदयङ्गम हो सकेंगी—ऐसा हमारा विश्वास है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय-वैशद्य ( बात को समझाने) के लिये पालि में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषा-च्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में फंस कर पाठक से मूल विषय दूर-दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों (जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '···पे०···' की परम्परा रखी है। इस परम्परा का इससे पहले के संस्करणों में निर्भयता से उपयोग हुआ है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में अपना लिया है। परन्तु '···पे०···' का अनुवाद हमने '···पूर्ववत्···' करके दिया है, या प्रायः '···' इस चिह्न का प्रयोग किया है, ताकि पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जायँ।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन ( त्रिपिटक ) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति रुचिकर व अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के समग्र ग्रन्थों का प्रकाशन इसी पद्धति से करेंगे।

एक कार्य हमने, इस प्रसङ्ग में, और किया है। ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है। जिससे पाठक को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

इस तरह हम इस ग्रन्थमाला को पालि-हिन्दी-इंग्लिश तीनों ही भाषाओं के विद्वानों के लिये उपयोगी बना पाये हैं—ऐसा हमारा विश्वास है।

विजयदशमी, २०४६ वि०<br>वाराणसी

अध्यक्ष<br>बौद्धभारतीपरिषद्

## FOREWORD

Buddhism is the important product of Indian mind and as such its literature has got a significant place in the history of world literature. For understanding Buddhism it is quite necessary to know the original sermons delivered by the Lord Buddha. After attaining Buddha-hood he started to preach to the world what he had discovered, i. e. the utmost path of the cessation of suffering (nibbāna) and this activity lasted upto the last moment of his life. Thus he himself devoted his whole life in the propagation of the new doctrine. After his demise his disciples took his message to different quarters of Asia and in course of time Buddhism became one of the three great religions of the world.

But the Lord left behind as little in writing as other sages of the country and after his Mahāparinibbāna sermons and discourses were collected and recited in the first three Councils of Elders and according to the tradition the final shape to the canon was given during the Third Council which took place in the reign of the celebrated king Ashoka and this was taken to Ceylon, where it was handed down orally until it was committed to writing in the first century B. C. under the reign of sinhalese king Vaṭṭagāmini Abhaya.

Buddha must have preached to the people in the language they understood and in the course of time the language of the canon which was established in Ceylon came to be known as Pali, which represents a form of leterary language developed out of mixture of dialects. Although there is a controversy regarding the original canon and its language, it is worthy of mention that there is no Buddhistic text presereved from such an early period

as the Pali Canon, which was committed to writing in the first century B. C. and in which the most of the ancient Indian Buddhism has been kept alive systematically in a comprehensive way as M. Winternitz has observed : "Moreover, there is no canon and no Buddhistic text preserved from such an early time as the Pali Canon committed to writing in the first century B. C., in which not a single word is mentioned of the great Buddhist king Ashoka. In language, style and content the Pali texts follow most closely the upanishads...Lastly, the fact, that in these texts committed to writing and transmitted in Ceylon we do not find any references whatsoever to ceylon, testifies further that we have to see in them 'not a canon of the Buddhists of Ceylon', but a canon of that Buddhist sect in India which has indeed preserved most of the ancient Buddhism and could with some justification describe the teachings of the direct disciples of the Buddha."

The Pali canon consists of three Piṭakas ( baskets ), namely Vinaya, Sutta and Abhidhamma. Among these Suttapiṭaka is the chief source for knowing the Dhamma, the doctrine of the Buddha, which is further divided into five Nikāyas—Dīgha, Majjhima, Samyutta, Anguttara and khuddaka. The order of the above division of the Canon into the Nikāyas does not signify that the first Nikāya, i. e., Dīgha, is the earliest work of the Canon but it only denotes the order of the division.

The Majjhima Nikāya or 'the collection of the sermons of the middle length' has got a distinctive place in the Canon. It consists of 152 suttas or discourses and they differ from those of the Dīgha only in the respect that they are generally shorter. The name Majjhima brings us to the question why this collection is termed as such. This derived from the length of the discourses it contains. According to commentators this lengtq

( pamāṇa ) refers to the length as well as to the number of the discourses collected in each of the five Nikāyas as they speak of the suttas of long length numbering 34 collected in the Dīgha, the suttas of the middle length numbering 152 in the Majjhima, while there are 7,762 suttas in the samyutta and 9,557 in Anguttara. The khuddaka consists of 15 independent texts. Thus the suttas of the Majjhima, while being shorter than those of Dīgha, although more numerous, are longer than the suttas in the two remaining chief Nikāyas, but not so numerous and thus on both counts the collection can be termed as Majjhima or 'middle' one

In Majjhima each sutta is complete in itself and they are different in value as well as in their nature and their contents vary much than those of Dīgha. In this Nikāya we get discussions and elaborations on almost all points of the doctrine Lord Buddha e g on the four noble truths, on the karman, on the belief in the soul, on the Nirvāṇa, on the various kinds of meditation on the Satipaṭṭhāna, on the performance of austerities in the quest of the noble path etc. They represent a charming form of the sermons of the Lord easily understandable by the people and after listening to them they came forward to adopt the path preached by the Buddha for the cessation of their sufferings. Against the common current the Lord taught the purity of the four castes and brought forward the futility of the caste system. This is explained in a splending way in the Assalāyana Sutta of this Nikāya. Some of the suttas are of Akhyāna type where simple stories are narrated. Some depict the explanation of the basic Buddhist doctrine too.

Apart from giving the best picture of ancient Buddhism the suttas of the Majjhima bring forth some interesting glimpses of the life and deeds of the society of those ancient times, the condition of the various types asceticism prevalent in the period,

the relationship of Buddhism to other various sects, reference to all kinds of superstitions and popular beliefs and social legal conditions, enumeration of cruel penalities inflicted on members of the society, the peculiar ideas on the birth, and the relationship between members of a family, etc. In some suttas the biography of the Lord is narrated. Although in most of the suttas the Buddha appears as the speaker, in some of them the disciples of the Buddha are main speakers too. They also depict that all suttas of the collection did not originate during the life of the Lord but also after his Mahāparinibbāna ( demise ). In one of the suttas, when Ānanda is asked whether before his death the Buddha did appoint any monk as head of the monastic order and to this Ānanda gives a negative reply but tells that on that account the community is not of course 'without a refuge, for the Dhamma ( doctrine ) is its refuge and the order in the community will be maintained by the Pātimokkha rules laid down by the master. Thus this collection can rightly be exclaimed as the nectar of the speeches of the Buddha ( Buddhavacanāmrita ).

The text of the Majjhima Nikāya has the following important editions in vayious scripts: (1) Roman edition (P. T. S., 1888); (2) Siamese or Thai edition (Mahāmakut Government Publication, 1926); (3) Sinhalese edition (1937); (4) Burmese edition (Chaṭṭha Saṅgāyana), (1956); and (5) Devanāgarī edition (Nālandā, 1958).

Among the translations of this Nikāya, mention may be made of three complete translations in European lauguages— (1) Die Reden Gotamo Buddho's aus der mittleren Sammlung Majjhima-nikāyo, 3 vols, Leipzig, 1896–1902, by E. K. Neumann; (2) Further Dialogues of the Buddha, 2 Vols., sacred Books of the East series (Vols v, vi), 1926–1927, by Lord Chalmers; and (3) The Middle Length Sayings, 3 vols, P. T. S, 1954–1959, by I. B. Horner. In Hindi the translation

produced by Mahāpandita Rāhul sankrityāyana and published by the Mahābodhi society, sārnāth, 1933, is well known.

But all the above translations did not include the original text in pali and if some scholar was going through them he had to devote much time in searching out the lines of the original text from a separate volume for that particular part of the translation.

Swāmi Dwārikā dās Shāstri has done away this difficulty of the scholars by bringing out a fine edition of the text of this Nikāya with original and Hindi translation. Here the original text is given in Devanāgarī script with references of page numbers of the Nālandā, Burmese and Roman editions for the facelity of the scholars engaged in the academic persuit of Buddhist studies. In the translation, the commentary's help has also been taken as well as the help from the Hindi translation of Rāhulji. The style is lucid and the translation is easily understandable to readers. At several places foot-notes have also been provided to elaborate the knotty-points of the texts, where further elucidation is required. In this Volume, the first twenty suttas of the Nikāya have been taken.

I hope that this new Hindi translation with the original text in pālī will be hailed by scholars of Buddhism as they have welcomed his other publications brought out from Bauddh Bhāratī.

**Lakshmi Narayan Tiwari**

The 30 th September, 1989.

Professor and Head
**Department of Pali and Theravāda**
&
Dean, Faculty of Shramaṇa Vidyā
Sampūrṇānand Sanskrit university,
Vārāṇasī

## The Present Volume

The present volume is the First Part of the Majjhima Nikāya, or the collection of Middle-sized Sermons, the second book of the second Pitaka. This has been rightly named as the Mūlapa:ṇṇāsaka or the 'Initial Collection of Fifty.' The contents of these are as below :—

1. **Mūlapariayūya Sutta**—This sermon was delivered to some Brāhmana Bhikkhus, haughty with the pride of their learning. They failed to catch the subtle metaphysical implication of it, and, therefore, did not uttar the usual words of appreciation at the end. The Sutta propounds—

All terms—earth, water...man, god, Prajāpati, Brahmā... one, many...Nibbāna—are but conventional symbols; they do not reveal the reality. There is no difference between the common man of the world and the Arhat as far as making use of the terms in their every-day-life is concerned. The difference lies in the fact that while the former also takes them to be real, the latter has realised their true nature of being void, and devoid of an identity. And, consequently, the former is attached to them, but the latter is not The saints of different stages too, likewise, are able to be unattached to them according to the extent of their spiritual evolution.

2. **Sabbāsava Sutta**—This sermon teaches how can the impurities of mind be got cleansed. Seven methods for the same have been taught—(1) proper reflection, (2) restraint in senses, (3) mindfulness of the right purpose in the use of the four requisites, (4) forbearance, (5) avoiding evils from a distance, (6) not to tolerate the arising of a bad thought, and (7) the pra-

ctice of the factors—mindfulness, search after truth, energy, thrill, ease, concentration and equanimity,

3. **Dhammadāyāda Sutta**—The Bhikhus are the spritual sons of the Buddha. As such, they can claim to be the inheritors of his Dhamma. They must not, on any account, claim inheritance of his material things. It is better for a Bhikkhu to keep starving than to partake of a portion of food left out in the bowl of the Buddha.

4. **Bhayabherava Sutta**—The Buddha narrates here his experience of dwelling in a distant solitary forest during the early days of his quest—how he used to be overtaken by terror and fear and how he gained victory over them. Even as a Buddha he loved to dwell in a solitary place for two reasons—for his own peace, and for setting an example to posterity.

5. **Anaṅgaṇa Sutta**—This discourse was delivered to the Bhikkhus by the Venerable Sāriputta.

There are four types of men—(1) those who are bad, and are not aware of it; (2) those who are bad, and are also aware of it; (3) those who are good, and are not aware of it; and (4) those who are good, and are also aware of it.

Out of these the first type is the worst, and the last the best.

At the end, Venerable Mahā Moggallāna expressed his appreciation for the discourse.

6. **Ākaṅkheyya sutta**—A Bhikkhu, leading a pure life, fulfilling the discipline of the Pātimokkha, following the social manners of good behaviour, seeing fear even in the most minor transgression, and following the Path of the Buddha, is expected to gain whatever that person of his status might wish for.

7. **Vattha Sutta**—As a dirty piece of cloth does not catch the dye properly, so a man of dirty mind dose not realise what

is good. And as a white cloth catches the dye fast as soon as it is dipped in it, so a man of pure mind easily gains faith, obtains concentration, and realises the stages of saint-hood. The Buddha said that such a person should be considered as one who has been purified by an 'internal bath.'

A Brāhmana, standing by, thought that perhaps the Buddha wanted to take a bath, and enquired if he would like to go to the river Bāhukā for it. The Buddha preached that the water of a river cannot cleanse the mind of a person. It is only the water of pure conduct, *Sīla*, that can do it.

**8. Sallekha Sutta**—The Buddha taught the Bhikkhus to reflect—"Others are violent, I should be kind; others commit sins, I should be pure; others harbour wrong views, I should have the right one; others follow the wrong Path, I should follow the right one, others are faithless, I should have strong faith; others are shameless, I should have shame in committing evil." The greatness of a Bhikkhu, the Buddha said consists in having reflections such as these, much more than having realised the stages of *jhāna*.

**9. Sammādiṭṭhi Sutta**—The Venerable Sāriputta delivered this discourse to the Bhikkhus, explaining what is 'right view.' The following are the salient aspects of it—

(1) Right view consists in knowing what are good and bad actions and what are their roots.

(2) ···in knowing what is *āhara* ( —nutrition ), its origin, its cessation, and the way to its cessation.

(3) ···in knowing what are the 'four noble truths.'

(4) ····in knowing the inter-relations between the twelve factors of Paṭiccasamuppāda.

**10. Satipaṭṭhāna Sutta**—The Buddha teaches the four ways of developing *Sati* or constant awareness; that constitutes the

seventh factor of the Noble Path. These are—(1) developing awareness of the states of body, (2) of the states of one's feeling, (3) of the states of one's mind, and (4) of the principles of the Dhamma.

Awareness of the states of body is developed in five ways—by attending to the process of respiration, by being mindful of one's movements by reflecting over the impurities of one's body, by reflecting over the fact that this body is constituted but with the four elements of earth, water, fire and air, and by meditating over the stages of the dead body in the process of decomposition

11. **Cūḷasīhanāda Sutta**—The Buddha shows in what does consist the superiority of his Order over the then prevelent sectarian organisations, what is the form of true Faith, and what are the characteristics of the Arhat, the Freed one.

12. **Mahāsīhanāda Sutta**—Sunakkhatta Licchaviputta turned a reble and severed himself from the Order. He went about reviling the Buddha, Dhamma and Sangha.

The Buddha gave a discourse to the Bhikkhus pointing out in the Tathāgata his Ten Strength and the four Points of his being bold and undaunted, In course of his speech he also dealt with the planes of existence and the destiny of beings,

13. **Mahādukkhakkhandha Sutta**—Some members of the other sect argued that there was no singularity in the Doctrine of the Buddha that was not contained in the principles held by them. The Buddha expounded to the Bhikkhus the points of eminence of his Dhamma.

14. **Cūḷadukkhakkhandha Sutta**—The roots of all miseries of the world consist in falling a prey to the allurements of mundane pleasure,

Some Nigaṇ ha monks propounded that it is by pain that happiness is achieved. If happiness could have been achieved by happiness, the king Bimbisāra, who is the happiest man, would have achieved it the most.

The Buddha preached that the happiness of the king is not a factor of his inner personality; for, he would be very miserable if he has to stay all alone in a solitary cell. A meditating Bhikkhu, on the other hand, would be full of bliss under such a Condition, who bathes deep in a stream of happiness springing from within his self.

**15. Anumāna Sutta**—This sermon was delivered by the venerable Mahā Moggallāna to the Bhikkhus.

A bad Bhikkhu is boastful and inignant towards others, unwilling to listen to a good advice. A good Bhikkhu, on the other hand, is considerate meek and respectful

One must constantly introsepect and weigh what one's worth is Such an introspection has been compared to seeing one's reflection in the mirror, to wipe off dirt on the face if there be any.

**16. Cetokhila Sutta**—There are five complexes of the mind—doubt in the Buddha, in the Dhamma, in the Satrainygha, in the and unfrinendliness towards others. A Bhikkhu must get rid of these, develop concentration attain to the Sublime.

**17. Vanapattha Sutta**—This sermon teaches what place is suitable for the abode of a meditating Bhikkhu and what not. Conduciveness to peace, tranquility and concentration is the chief consideration. A place should be judged in view of this. The other points of suitability should be regarded as of minor importance.

**18. Madhupiṇḍika Sutta**—The Buddha preached in brief how does the complication of life take place, and entered the mon-

astery. After he left the place, the Bhikkhus entreated upon the Venerable Kaccāyana to throw light on the same. He explained that 'contact' gives rise to 'feeling', that to 'cognition', that to good and bad 'thoughts'; and, these lead to all complications of life.

19. **Dvedhāvitakka Sutta**—The Buddha preached to the Bhikkhus to distinguish good from bad and behave accordingly. Desire, ill will, violence and such factors are bad. The good factors, on the other hand, are self-denial. friendliness and kindness.

20. **Vitakkasanthāna Sutta** – One should give up bad thoughts, and culture good ones; should reflect over the evils of bad thoughts; should not allow the mind to turn to them; should ponder how do they arise; and should exercise a restraint over oneself.

●

# निदानकथा

आज से प्राय: २५०० वर्ष पूर्व लोक शास्ता भगवान् बुद्ध ने, बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद मध्यमण्डल में चारिका करते हुये निरन्तर ४५ वर्षों तक उस समय की लोक-भाषा में, बहुजनहिताय बहुजनसुखाय जो उपदेश किया था, सौभाग्य से त्रिपिटिक के रूप में वह आज भी सुरक्षित है। वे चाहते थे कि उनका सन्देश जनसाधारण तक पहुँचे, इसके लिये स्वयं उन्होंने लोकभाषा (अर्द्ध-मागधी) में उपदेश किया और साथ ही अपने शिष्यों को भी यह अनुमति प्रदान की कि वे उनके उपदेशों को अपनी-अपनी भाषा में परिवर्तित कर धारण कर सकते हैं। हो सकता है उन दिनों तत्कालीन अनेक भाषाओं में बुद्ध-वचनों के संग्रह हुए हों; किन्तु आज जो बुद्धवचन हमें मिलते हैं, वे एक ही भाषा में हैं, जिसे हम 'पालिभाषा' कहते हैं। कालान्तर में इसी भाषा में विस्तृत साहित्य की रचना हुई। त्रिपिटक पर अट्ठकथायें और इन अट्ठकथाओं पर टीका, अनुटीका, मधुटीका, योजना, गण्ठी आदि अनेक टीका-ग्रन्थ समय-समय पर निर्मित हुए। इनके अतिरिक्त अनुपिटक और उन पर अट्ठकथा, टीका आदि प्रचुर साहित्य भी हमें इसी पालिभाषा में मिलता है। इसी से समझा जा सकता है कि यह कितना विस्तृत साहित्य है। यह सम्पूर्ण साहित्य बर्मा, श्रीलङ्का, श्याम, कम्बोज आदि बौद्ध देशों में आज भी न केवल सुरक्षित ही है; अपितु अध्ययन-अध्यापन और नये-नये ग्रन्थलेखन आदि द्वारा दिनानुदिन वृद्धिङ्गत भी हो रहा है। वहाँ के मनीषी इस साहित्य की उसी प्रकार सुरक्षा कर रहे हैं, जिस प्रकार भारत में वेद और उसके उपजीव्य साहित्य की या अन्यत्र बाइबिल और कुरान साहित्य की सुरक्षा की जा रही है।

## त्रिपिटक

भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के अनन्तर उनके प्रमुख शिष्यों ने बुद्धवचनों की सुरक्षा की दृष्टि से उनका तीन भागों में संग्रह किया। वे तीन विभाग पिटारियों की भाँति हैं, अत: उन्हें 'त्रिपिटक' कहा जाता है। विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्मपिटक—ये तीन पिटक हैं। जिस पिटक में भिक्षु और भिक्षुणियों से सम्बद्ध पालनीय धर्मों के उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'विनय-पिटक' और जिसमें साधारण लोगों के लिये उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'सुत्तपिटक' कहते हैं। तथा जिसमें विद्वानों द्वारा समझने योग्य गम्भीर और दार्शनिक सिद्धान्त उपदिष्ट हैं उसे 'अभिधम्मपिटक' कहते हैं। तीनों पिटक भी आगे चलकर अनेक उपविभागों में बाँटे गये।

## 'तिपिटक' के ग्रन्थों का विभाजन

### तिपिटक

| विनयपिटक | सुत्तपिटक | अभिधम्मपिटक |
|---|---|---|
| १. महावग्ग | १. दीघनिकाय | १. धम्मसङ्गणि |
| २. चुल्लवग्ग | २. मज्झिमनिकाय | २. विभङ्ग |
| ३. पाराजिक | ३. संयुत्तनिकाय | ३. धातुकथा |
| ४. पाचित्तिय | ४. अङ्गुत्तरनिकाय | ४. पुग्गलपञ्ञत्ति |
| ५. परिवार | ५. खुद्दकनिकाय | ५. कथावत्थु |
| | | ६. यमक |
| | | ७. पट्ठान |

खुद्दकनिकाय:

(१) खुद्दकपाठ
(२) धम्मपद
(३) उदान
(४) इतिवुत्तक
(५) सुत्तनिपात
(६) विमानवत्थु
(७) पेतवत्थु
(८) थेरगाथा
(९) थेरीगाथा
(१०) जातक
(११) निद्देस
(१२) पटिसम्भिदामग्ग
(१३) अपदान
(१४) बुद्धवंस
(१५) चरियापिटक

## मज्झिमनिकाय के
## इस भाग में संगृहीत
# सूत्रों का सारांश

संग्रहकारों ने सुत्तपिटक के अन्तर्गत 'मज्झिमनिकाय' का इन तीन भागों में विभाजन कर संग्रह किया है—१. मूलपण्णासक, २. मज्झिम पण्णासक एवं ३. उपरिपण्णासक। प्रत्येक 'पण्णासक' (५०) में प्रायः पचास सूत्रों का संकलन हुआ है : ये तीनों पण्णासक भी व्याख्यान की दृष्टि से १०-१० सूत्रों का एक एक वर्ग के रूप में ग्रथन हुआ हैं। इस प्रथम मूल-पण्णासक में भी १०-१० सूत्रों के पाँच वर्ग हैं—१. मूलपरियायवग्ग, २. सीहनादवग्ग, ३. ओपम्मवग्ग, ४. महायमकवग्ग एवं ५. चूळयमकवग्ग।

प्रथम मूलपरियायवग्ग में भी १० सूत्र हैं—१. मूलपरियाय सुत्त, २. सब्बासवसुत्त, ३. धम्मदायादसुत्त, ४. भयभेरवसुत्त, ५. अनङ्गणसुत्त, ६. आकङ्ख्येय्य सुत्त, ७. वत्थसुत्त, ८. सल्लेखसुत्त, ९. सम्मादिट्ठिसुत्त एवं १०. सतिपट्ठानसुत्त।

१. इस **मूलपरियायसुत्त** में उपदेष्टा हैं भगवान् बुद्ध, उपदिश्यमान हैं अन्य सम्प्रदायों के कुछ परिव्राजक और स्थान है उक्कट्ठा के सुभग वन में साल राजवृक्ष का मूल। इस सूत्र का सारांश यह है—

इस संसार में उत्पन्न प्राणिमात्र में आहार, निद्रा, भय एवं कामभोग आदि के प्रति रुचि देखी जाती है, इनमें मनुष्य ही एक ऐसा विशेष प्राणी है जिसमें आहार निद्रादि के अतिरिक्त एक विशेष विवेकशक्ति भी विद्यमान है, जिससे वह इस लोक के प्राणियो में मूर्धन्य कहलाता है। जीवन में प्रत्येक मनुष्य के सामने एक समय अवश्य आता है, जब वह आहार, निद्रा, भय, या कामभोग के अतिरिक्त यहाँ जो तत्त्व है, सार है, उसके विषय में सोचता है, चिन्तन करता है कि मैं कौन हूँ, क्यों हूँ, कब तक हूँ, कहाँ से आया हूँ, कहाँ जाऊँगा ? मुझमें वास्तविकता क्या है ? इस संसार की वास्तविकता क्या है ? जो यह दिखायी दे रहा है, वही सब कुछ है या इसके अतिरिक्त और भी कुछ है जो दिखायी नहीं देता ? ये पृथ्वी, जल, तेज, वायु आदि क्या है ? यह भूतग्राम क्या है ? यह इन्द्रियग्राम क्या है ? यह 'स्थूल' क्या है ? 'सूक्ष्म' क्या है ? आदि।

मनुष्यों में विवेकशक्ति होते हुए भी सब मनुष्यों के पल्ले ये सब बातें नहीं पड़तीं। भगवान् ने इस दृष्टि से मनुष्यों को चार भागों में बाँटा है— १. पृथग्जन, २. शैक्ष, ३. क्षीणास्रव (अर्हत्) और ४. सर्वज्ञ बुद्ध। इनमें (१) पृथग्जन (साधारण, मूर्खजन) इस तत्त्वज्ञान पर विचार करना नहीं चाहते, क्योंकि वे आहार, निद्रा, भय, कामोपभोगादि को ही अपने जीवन की पराकाष्ठा माने रहते हैं। वे पृथ्वी आदि पदार्थों के स्थूल रूप को जानकर ही सन्तुष्ट रहते हैं। इससे आगे न उनकी पहुँच है, न चाह ? क्योंकि इस विषय में न उनको कोई ज्ञान है, न किसी योग्य विद्वान् से वे कुछ सीखना ही चाहते हैं।

(२) हाँ मनुष्यों में दूसरी शैक्षकोटि के जो जिज्ञासु हैं, वे अवश्य जब इन प्रमाण प्रमेय तत्त्वों पर विचार करते हैं, तब उनका गुरूपदेश से ज्ञानांकुर फूटा रहता है, तो वे कुछ आगे बढ़कर सोचते हैं, चिन्तन कर पाते हैं कि हाँ, यहाँ कुछ परिज्ञेय है। क्या परिज्ञेय है—यह वे भी नहीं जान पाते; क्योंकि उनका प्रज्ञामल अभी क्षीण नहीं हुआ है।

(३) तीसरी कोटि है विवेकशक्ति सम्पन्न क्षीणास्रव ज्ञानियों की, वे पूर्णविवेकशक्तिसम्पन्न हैं, गुरु मार्ग से पूर्णज्ञानयुक्त हैं, उनके चित्तविकार शान्त हो चुके हैं, प्रज्ञा निर्मल है, वे वीतराग हो चुके हैं, वीतद्वेष तथा वीतमोह हो चुके हैं, अतः वे इन प्रमाण प्रमेय तत्त्वों पर स्थूल-सूक्ष्मतया विचार करते-करते इन्हें याथातथ्येन अधिगत (परिज्ञात) कर लेते हैं।

(४) और चौथे हैं तथागत, इनके सम्मुख जगत् का स्थूल-सूक्ष्म सभी कुछ हस्तामलकवत् प्रत्यक्ष है। वे उसे यथार्थतः स्वयं जानते हैं, स्वयं जानकर दूसरे अधिकारी पुरुषों को इस जगत् की वास्तविकता बतलाते हैं। अतः निर्वाणगामी जिज्ञासु को ऐसे ज्ञानियों से इस तत्त्वज्ञान की शिक्षा लेनी चाहिये, वे जैसे बतावें, तदनुसार अपना जीवनक्रम बनाना चाहिये।"

भगवान् ने उन भिक्षुओं को यों उपदेश किया। परन्तु इस उपदेश पर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया, न भगवान् का अभिनन्दन या अनुमोदन ही किया। यद्यपि भगवान् की वाणी इतनी सरल और निर्मल थी कि यदि वे परिव्राजक उनकी बात मानते, उसपर आचरण करते तो उनके कोटि-कोटि जन्मों के पाप, अज्ञान, प्रज्ञामल धुल जाते और वे इसी जन्म में निर्वाण की प्राप्ति कर लेते या अधिक से अधिक एक जन्म और पाकर अगले जन्म में तो अवश्य ही निर्वृत्त हो जाते। परन्तु यह उनका दुर्भाग्य ही था कि उनकी प्रज्ञा पर उनके आचार्यों द्वारा उपदिष्ट दृष्टिवादों का

पड़दा ( आवरण ) पड़ा हुआ था कि वे अपने हित की बात भी नहीं सुन पाये ।।

२ सब्बासवसुत्त—भगवान् ने इस सूत्र का श्रावस्ती के जेतवनाराम में भिक्षुसङ्घ को उपदेश किया। उन्होंने इसके माध्यम से भिक्षुओं को बताया है—यदि निर्वाण प्राप्त करना है तो पहले अपने चित्तके सभी आस्रवों (मलों) को दूर हटाओ। आश्रवक्षय से ही निर्वाण की अधिगति हो सकती है।

भगवान् ने इन चित्तमलों के क्षय के लिये भिक्षुओं को सात सरल उपाय बताये। ये हैं—१. गुरूपदिष्ट शास्त्रानुकूल उचित रीति से वस्तुतत्त्व का दर्शन (मनन) करना, २. अपनी सभी इन्द्रियों का दृढ़ संयम करना, ३. ग्लानप्रत्यय-भेषज्य परिष्कारादि चार प्रत्ययों के उपभोग के समय सावधान रहना कि जिह्वास्वाद या शरीरोपभोग के लिये उनका अधिक उपयोग न किया जाय—इस विषय में सावधान रहना; ४. शीत-उष्ण वात-आतप आदि के विषय में सहनशील होना, ५. अकुशल (पापमय) कर्मों से बचना, ६. हीब (गलत) विचारों के मन में उठते ही उन्हें दबा देना; सातों सम्बोध्यङ्गों ( स्मृति, धर्मविचय, वीर्य, प्रीति, प्रश्रब्धि, समाधि, उपेक्षा ) का सतत अभ्यास करना। ये सात सरलतम उपाय चित्तमल के नाश के लिये भगवान् ने बताये हैं ।।

३. धम्मदायादसुत्त—भगवान् ने श्रावस्ती में भिक्षुसङ्घ को इस सूत्र का उपदेश किया था। उन्होंने अपने शिष्यों पर अनुकम्पा कर उपदेश किया कि वे उनके धार्मिक उत्तराधिकारी ही बनें, भौतिक लाभों के नहीं। इसी प्रसङ्ग में भिक्षापात्र में बची भिक्षा का उदाहरण देकर समझाया है कि सिद्धान्त के नाते तुम उस बची भिक्षा को लेने की भी इच्छा न करो। सूत्र के अन्त में, आयुष्मान् शारिपुत्र ने भिक्षुओं को कैसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये यह समझाते हुए उन्हें मध्यम मार्ग द्वारा पापधर्मों के प्रहाण की देशना की ।।

४. भयभेरवसुत्त—इस सूत्र का उपदेश भगवान् ने श्रावस्ती के जेतवनाराम में जानुश्रोणि ब्राह्मण को दिया था। इसमें उन्होंने बताया है—अरण्य के एकान्त प्रदेशों में रहकर साधना करने वाले को प्रारम्भ में कितना भय अनुभव होता है। उसे डर के मारे रोमाञ्च हो आता है। अपना उदाहरण देते हुए भगवान् ने बताया है कि प्रारम्भ ( बोधिसत्वावस्था ) में, जब वे जंगल के एकान्त स्थानों में साधनाभ्यास करने जाते

तो कैसे-कैसे भय उनका पीछा करते और कैसे उन्होंने उन भयजन्य परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर निर्भय हो, साधना करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुँचे। निर्भय होना साधना की प्रथम निःश्रेणि ( सीढ़ी ) है। प्रसङ्गवश भगवान् से पूछा गया कि वे सम्बोधिप्राप्त्यनन्तर भी अरण्य के एकान्त प्रदेशों को क्यों प्रिय समझते हैं ? उन्होंने उत्तर दिया कि वे दो कारणों से अब भी अरण्यों का एकान्तवास प्रिय समझते हैं—१ इससे मन शान्त रहता है और २. और आगामी धर्मसन्तान ( शिष्यों ) के लिये ( लोक-संग्रह हेतु ) आदर्श रखने के लिये भी॥

५. **अनङ्गणसुत्त**– इस सूत्र का उपदेश आयुष्मान् शारिपुत्र ने श्रावस्ती के जेतवनाराम में भिक्षुसङ्घ को दिया था। सर्वप्रथम उन्होंने इस सूत्रोपदेश की परिधि में आने वाले व्यक्तियों का चार प्रकार से भेद किया— १. वह जो पापमय इच्छाओं के वशीभूत होते हुए भी यह नहीं जानता कि वह पापमय इच्छाओं के वश में है; २. वह जो पापमय इच्छाओं के विषय में जानता है कि मुझ में ये पापमय इच्छायें ( अङ्गण ) हैं। ३. वह जो अपने अन्दर पापमय वासनाओं के न रहने पर भी नहीं जानता कि ऐसी इच्छाएँ उसमें नहीं हैं; और ४. वह है जो अपने में पापमय इच्छाओं का अभाव जानता है। चित्त की पापमय इच्छाओं की तरफ प्रवृत्ति या झुकाव को 'अङ्गण' कहते हैं। इनमें प्रथम प्रकार के व्यक्ति हीनतम और अन्तिम प्रकार के श्रेष्ठ बताये गये हैं।

इस प्रसङ्ग में आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने यानकार-पुत्र का दृष्टान्त सुनाकर शारिपुत्र के उपदेश को और परिपुष्ट किया॥

६ **आकंखेय्यसुत्त**—इस सूत्र का भगवान् ने श्रावस्ती के जेतवनाराम में भिक्षुसङ्घ को उपदेश किया था। उसका संक्षेप इस प्रकार है—भिक्षुओ ! यदि तुम अपनी ऊँची से ऊँची आकांक्षाएँ ( मनचाही बातें ) पूरी होते देखना चाहते हो तो तुम शील का आचरण करो, प्रातिमोक्ष के नियमों का दृढ़ता से पालन करो, दूसरों के साथ अपना आचार-व्यवहार शुभ रखो, छोटी से छोटी गलतियाँ करने से भी डरते रहो, और मेरे द्वारा उपदिष्ट शिक्षाओं का निरन्तर पालन करते रहो—इसी से तुम्हारी सब आकांक्षाएँ पूर्ण होंगी॥

७. **वत्थसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भगवान् ने भिक्षुओं को श्रावस्ती के जेतवनाराम में ही दिया था। भगवान् ने वस्त्र का उदाहरण देते हुए

भिक्षुओं को समझाया कि जैसे मैले कपड़े पर ठीक से रंग नहीं चढ पाता, उसी तरह रागद्वेषमोहादि विकारों से मलिन चित्त वाला मनुष्य किसी शुभ धर्मोपदेश की सूक्ष्मताओं को ग्रहण नहीं कर पाता। यदि इसी मनुष्य का यह चित्त शुभ कर्मों द्वारा धीरे-धीरे राग-द्वेष-काम-क्रोध-लोभ-मोहादि दुर्गुणों से दूर होकर आभ्यन्तर स्नान से शुद्ध व निर्मल हो जाय तो इस पर धर्मोपदेश का रंग उसी तरह चढ जाता है जैसे निर्मल वस्त्र पर स्वच्छ चमकदार रंग तब उसका यह चित्त एकाग्र होने लगता है, समाधि की ओर अग्रसर होता है, निर्वाण की अधिगति के लिये उत्सुक होता है।

भगवान् जब यह धर्मोपदेश कर रहे थे तब सुन्दरिक भारद्वाज नामक ब्राह्मण भी उस सभा में एक ओर खड़ा था। वह भगवान् के इस धर्मोपदेश में आये 'आभ्यन्तर स्नान' का गूढ अर्थ न समझ पाया। उसने भगवान् से पूछ ही लिया कि क्या आप पवित्र बाहुका नदी में स्नान करने चलेंगे ? इस अवसर पर भगवान् ने सुन्दरिक भारद्वाज को उपदेश दिया कि भले आदमी ! चित्त के मल तो शील-सदाचार के पालन से ही दूर होते हैं, नदियों, तालाबों, कुण्डों में नहाने भर से ये कथमपि दूर नहीं हो सकते ॥

**८. सल्लेखसुत्त**—इस सूत्र का भी भगवान् ने श्रावस्ती में महाचुन्द को उपदेश किया है। इसमें भगवान् कहते हैं—भिक्षु को आत्मवाद या लोकवाद दृष्टियों का त्याग करते हुए दृढ़ व्रतों का पालन करना चाहिये। भले ही वह ध्यान-भूमियों की ऊँचाई तक ही क्यों न पहुँच गया हो। उसे व्रत लेना चाहिये कि दूसरे लोग भले ही हिंसा आदि कुकर्म करते रहें मैं तो अहिंसा का ही जीवन भर पालन करूँगा - आदि। स्वचित्त में ऐसी बातें लाते रहना चाहिये—'दूसरों से हमें क्या ? वे चाहे जो करें, हम तो अहिंसा आदि सत्कर्मों का ही पालन करेंगे।' निर्वाण-प्राप्ति के टेढ़े रास्तों को छोड़कर गुरु द्वारा बताये सीधे मार्ग का ही आलम्बन कर उस भिक्षु को यह भली भाँति समझ लेना चाहिये कि जितने भी अकुशल कर्म हैं वे सभी नीचे ( अवनति ) की ओर ले जाने वाले हैं और कुशल कर्म ऊपर (उन्नति) की ओर ॥

**९. सम्मादिट्ठिसुत्त**—यह सूत्र आयुष्मान् शारिपुत्र ने भिक्षु सङ्घ को उपदिष्ट किया है। इस में आयुष्मान् शारिपुत्र ने बताया है—'सम्यग्दृष्टि' कौन कहलाता है ? १. जो भिक्षु कर्म और उनके मूल के विषय में भली भाँति जानता है कि कौन कर्म कुशल है, कौन अकुशल है। २. जो आहार

क्या है; आहारसमुदय क्या है? आहारसमुदयनिरोध क्या है?–यह जानता है। ३. जो आर्य सत्यों के विषय में जानता है कि क्या दुःख है? क्या दुःखसमुदय है? क्या दुःखनिरोध है? दुःखनिरोधगामी मार्ग क्या है?—यह जानता है। ४. जो जरामरणसमुदयनिरोध को जानता है। ५. जो जातिसमुदयनिरोध को जानता है। ६. जो भवसमुदयनिरोध को जानता है। ७. उपादानसमुदयनिरोध को तथा ८. तृष्णासमुदयनिरोध को जानता है। ९ वेदनासमुदयनिरोध को जानता है। १०. स्पर्शसमुदयनिरोध को जानता है। ११ छह आयतनों के समुदयनिरोध को जानता है। १२. जो नामरूपसमुदयनिरोध को जानता है। १३. जो विज्ञानसमुदयनिरोध को जानता है। १४. जो संस्कारसमुदयनिरोध को जानता है। १५. जो अविद्यासमुदयनिरोध को जानता है। १६. जो आस्रवसमुदयनिरोध को जानता है, वही भिक्षु हमारी दृष्टि (बौद्ध मत) में 'सम्यग्दृष्टि' है। अर्थात् जो आहार, चार आर्य सत्य एवं प्रतीत्यसमुत्पाद को हृदयङ्गम कर चुका है वही सम्यग्दृष्टि है॥

१०. सतिपट्ठानसुत्त—भगवान् ने कुरुदेश के कम्मासदम्म निगम में विहार करते हुए भिक्षुसङ्घ को इस सूत्र का उपदेश किया था। 'सतिपट्ठान' का अर्थ है—स्मृत्युपस्थान। स्मृत्युपस्थान चार प्रकार से होता है— १. कायानुपश्यना द्वारा; २. वेदनानुपश्यना द्वारा, ३. चित्तानुपश्यना द्वारा, और ४. धर्मानुपश्यना द्वारा।

(१) कायानुपश्यना का अभ्यास करते हुए भिक्षु को अपने श्वास-प्रश्वास की गति पर, शरीर की गति पर, सम्प्रज्ञान पर, प्रतिकूलमनस्कार पर, धातुमनस्कार पर, शरीर-सम्बन्धी अशुभानुस्मृति पर, शरीर-रचना पर स्थूल-सूक्ष्मतया अनुवीक्षण करते हुए निरन्तर सावधान रहना चाहिये।

(२) इसी तरह भिक्षु को सुखमय वेदना, दुःखमय वेदना, तथा असुख-अदुःखमय वेदनाओं के प्रति सतत जागरूक रहना चाहिये।

(३) इसी तरह भिक्षु को स्वचित्त की गतियों के विषय में भी निरन्तर सावधान रहते हुए अभ्यास करना चाहिये।

(४) और धर्मानुपश्यना की साधना करते हुए पाँच नीवरणों के विषय में, पाँच उपादानस्कन्धों के विषय में, छह आध्यात्मिक और बाह्य आयतनों पर, सात बोध्यङ्ग और चार आर्यसत्यों के विषय में सतत चिन्तन करना चाहिये॥

द्वितीय सीहनादवग्ग में १० सूत्र हैं, जिनके क्रमशः ये नाम हैं— ११. चूळसीहनादसुत्त, १२. महासीहनादसुत्त, १३. महादुक्खक्खन्धसुत्त, १४. चूळदुक्खदुक्खन्धसुत्त, १५. अनुमानसुत्त, १६. चेतोखिलसुत्त, १७. वनपत्थसुत्त, १८. मधुपिण्डिकसुत्त, १९. द्वेधावितक्कसुत्त, २०. वितक्कसण्ठानसुत्त। उनका संक्षेप क्रमशः इस प्रकार है—

**११. चूळसीहनादसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भगवान् ने श्रावस्ती में भिक्षुसङ्घ को किया था। इसमें बताया गया है कि दूसरे सम्प्रदायों के प्रचलित धर्म किन कारणों से बुद्धानुमोदितधर्म से अपकृष्ट हैं। उसमें कारण हैं—१. यह सर्वज्ञ भगवान् द्वारा प्रवेदित है; २. इस धर्म में भिक्षुओं की सर्वातिशायिनी श्रद्धा होती है; ३. इसके शास्ता तथा इसके मानने वाले सङ्घ में भिक्षुओं की श्रद्धा होती है ४. शील पूर्ण करने की निरन्तर चाह बनी रहती है; और ५. सब्रह्मचारी तथा उपासकों में सहृदयता बनी रहती है। इस धर्म को मानने वाले वीतराग, वीतद्वेष, वीतमोह होते हैं। ६. इस धर्म में भिक्षु उपादानों ( परिग्रह ) की इच्छा से रहित होते हैं। ७. सभी अर्हत् अविद्या का मूलतः त्याग कर चुके होते हैं।

**१२. महासीहनादसुत्त**—भगवान् ने वैशाली के अपरपुर वनषण्ड में आयुष्मान् शारिपुत्र को इस सूत्र का उपदेश किया था। इसमें वर्णित है कि सुनक्खत्त लिच्छविपुत्त इस धर्म का त्याग कर वैशाली में जगह-जगह इस धर्म की निन्दा करता फिरता था। आर्यशारिपुत्र ने भी एक दिन वैशाली में भिक्षा के लिये जाते समय उसके मुँह से यह निन्दा सुनी। विहार में लौटकर भगवान् से चर्चा की कि सुनक्खत्त वैशाली में सरे आम धर्म की निन्दा करते फिर रहा है।

भगवान् ने कहा—सुनक्खत्त लिच्छविपुत्त तो क्रोधी है, मोघ पुरुष है, वह तथागत की या तथागत प्रवेदितधर्म की विशेषता और उसकी गम्भीरता क्या जाने! प्रसङ्गवश भगवान् ने अपनी विशेषता बतलाते हुए कहा कि तथागत दशबल सम्पन्न होते हैं, चार वैशारद्ययुक्त होते हैं, तथागत की अभयता निःसीम होती है, वे आठों परिषदों में निर्भय हो कर मृगराजवत् विराजते हैं। वे चारों योनियों और प्रारब्धवश प्राप्त होने वाली प्राणियों की पाँचों गतियों को जानते हैं। प्रसङ्गवश यहाँ भगवान् ने अपने पूर्वजन्मों की तपस्विता, रूक्षाचार, जुगुप्सा, एकान्तसेवन, विकट भोजन, उपेक्षा विहार, तथा अपनायी गयी शुद्धियों का भी विस्तृत वर्णन किया है। जिनका निरूपण सूत्र में यथास्थान द्रष्टव्य है।

१३. **महादुक्खक्खन्धसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भी भगवान् ने श्रावस्ती में ही संघ को किया था। इस में बताया है—अन्य तैर्थिकों के मत से भगवान् के मत में क्या विशेषता है ? क्या भेद है ? भगवान् ने बताया कि दूसरे मत वाले निर्वाण तक पहुंचने के मार्ग के बारे में कुछ जानते ही नहीं वे न यह जानते हैं कि कामभोगों का आस्वाद क्या है ? उनका दुष्परिणाम क्या है, उनका प्रतिनिसर्ग ( त्याग ) कैसे हो सकता है। इसी तरह वे रूपों के, वेदना के आस्वाद, आदीनव, व त्याग की विधि नहीं जानते तो वे निर्वाण क्या प्राप्त करेंगे।

१४. **चूळदुक्खक्खन्धसुत्त**—भगवान् ने इस सूत्र का उपदेश शाक्यों की राजधानी कपिलवस्तु नगरी में महानाम शाक्य को सामने रखकर किया था। इसमें भगवान् ने बताया है कि रूप, शब्द, गन्ध, रस और स्पर्श—ये पाँच काम भोग ( विषय ) हैं। इन में वास्तविक सुख कम दुःख अधिक है। फिर भी समग्र जगत् इन्हीं के पीछे दौड़ रहा है, इन्हीं के पीछे पागल है, इन्हीं को लेकर अन्धा है, अशान्त है, और सन्मार्ग से भटका हुआ है। ये तो दुःखस्कन्ध हैं। भगवान् कहते हैं कि एक बार वे निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय ( जैन ) साधुओं के यहाँ गये। वहाँ बातचीत में जैन साधुओं ने कहा कि सुख ( ऐश्वर्यमय ) की जीवन जीने से वास्तविक सुख प्राप्त नहीं होता, दुःख ( दुष्करचर्या, कठोर तप ) से ही सुख प्राप्त होता है। यदि सुख से ही सुख मिलता तो वर्तमान राजा बिम्बिसार को सबसे अधिक सुखी होना चाहिये था !

भगवान् ने कहा कि राजा वस्तुतः सुखी नहीं है, वह बाह्य सुख तो जरूर भोग सकता है, परन्तु एकान्त जीवन की ध्यानभावना में जो आनन्द है वह उसे कथमपि नहीं मिल पाता। वह एक घण्टा भी बन्द कमरे (एकान्त) में नहीं रह सकता, जब कि बुद्ध सात दिन तक एकान्त में समाधिनिष्ठ रहकर ऐकान्तिक सुख का अनुभव कर प्रमुदित रहते हैं। अतः वास्तविक सुख तो सद्धर्म-पालन में है, राज्य-भोग में नहीं ॥

१५. **अनुमानसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भर्गक्षेत्र के सुंसुमारगिरिस्थ भेसकलावन-मृगदाव में आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने किया था। इसमें वे कहते हैं—कुछ पाषण्डी भिक्षु होते हैं जो आत्मप्रशंसा ही करते रहते हैं, दूसरों को नीचा दिखाते रहते हैं, दुर्वचन बोलते रहते हैं। किसी की दी हुई सच्छिक्षा पर कान नहीं धरते, चिढ़ते रहते हैं, अपनी ही बात पर आग्रह किये रहते हैं। इसके विपरीत, सन्मार्ग में वृद्धि चाहने वाला भिक्षु अपने-

पराये सभी का उचित सम्मान करता है। और दूसरों द्वारा दी गयी अच्छी शिक्षा ग्रहण करता है। इसे ग्रहण कर भिक्षु अपने विषय में चिन्तन करता है कि मैं कैसा हूँ ? इस आत्मप्रत्यवेक्षण से उसके अकुशल धर्म प्रहीण होते हैं और कुशल धर्मों की वृद्धि होती है। इसी आत्मप्रत्यवेक्षण को 'शीशे में मुँह देखना' दृष्टान्त से भली भाँति समझाया है ॥

१६ चेतोखिलसुत्त—इस सूत्र का भी भगवान् ने श्रावस्ती में ही भिक्षु-सङ्घ को उपदेश किया है। इस सूत्र में भगवान् ने जिज्ञासु के चित्त के पाँच कील, काँटे ( गाँठें ) बताये हैं जिनसे जिज्ञासु लक्ष्य तक तो पहुँच ही नहीं पाता, अपितु अथाह दुःखसमुद्र में डूबने-उतराने लगता है। जो भिक्षु १. शास्ता के प्रति, २. धर्म के प्रति, ३. सङ्घ के प्रति, ४. शास्ता द्वारा दी गयी शिक्षा के प्रति सन्देह करता है, उनमें दोष निकलता है, या कुतर्क करता है, और ५. अपने सब्रह्मचारियों से अनबन रखता है,—उसे समझिये कि वह इन पाँच चेतोखिलों की गाँठों के पकड़ में आ चुका है।

इसी तरह, जो भिक्ष १. काम में अवीतराग है, २. काय में अवीतराग है, ३. रूप में अवीतराग है, ४. भरपेट भोजन कर दिन-रात आलस्य में ही डूबा रहता है, और ५. जो किसी देवता विशेष का, तद्रूप बनने के लिये, पूजा-पाठ करने लगता है—ये चित्त के पाँच बन्धन कहलाते हैं, जिन्हें काटे बिना भिक्षु निर्वाण की ओर कथमपि नहीं बढ़ सकता। निर्वाण की ओर तो वही बढ़ सकता है, जिसके उपर्युक्त पाँच चेतोखिल और पाँच चेतोविनिबन्ध विनष्ट हो चुके हों ॥

१७. वनपत्थसुत्त—भगवान् ने इस सूत्र का उपदेश श्रावस्ती में ही सङ्घ को सम्मुख कर किया था। इसमें उनका कथन है—भिक्षु को साधना-हेतु ऐसे एकान्तवास का चयन नहीं करना चाहिये जो ध्यानाभ्यास के लिये अनुकूल न हो, उसके लिये सुविधाएँ न हों, ध्यान-साधना के विरुद्ध पड़ने वाली परिस्थितियों में वह एकान्तवास उस भिक्षु को तत्काल त्याग देना चाहिये। हाँ, यदि किसी एकान्तवास ध्यान में अधिक से अधिक मन लगे, वह अपनी साधना में आगे बढ़ रहा हो, तो वहाँ यदि कुछ कठिनाइयाँ भी हों तो, उन्हें सहन करते हुए उस अनुकूल स्थान को नहीं त्यागना चाहिये। क्योंकि साधना ही उसका चरम लक्ष्य है। उस लक्ष्य तक पहुँचने में वह स्थान सहायक है ॥

१८. मधुपिण्डकसुत्त—इस सूत्र का उपदेश भी भगवान् ने श्रावस्ती में ही किया है। इसमें बहुत संक्षेप में भिक्षुओं को बताया कि जगत्प्रपञ्च कैसे

बढ़ता है, और कैसे क्षीण हो सकता है। आयुष्मान् महाकात्यायन ने भगवान् का यह उपदेश भिक्षुओं को प्रतीत्यसमुत्पादसिद्धान्त के सहारे से समझाया। भिक्षु इसे सुनकर प्रमुदित हुए। अन्त में महाकात्यायन द्वारा प्रतिपादित अर्थ की भगवान् ने भी अनुमोदना की। और इस सूत्र का नाम आयुष्मान् आनन्द के विश्लेषण को मानते हुए 'मधुपिण्डिक' रखा॥

१९. **द्वेधावितक्कसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भगवान् ने श्रावस्ती के जेतवनाराम में भिक्षुसङ्घ को किया है। इसमें वे कहते हैं—वितर्कों पर विचार करते समय भिक्षु को पहले इनके दो भाग कर लेने चाहिये—१. अकुशल, २. कुशल। क्योंकि अकुशल वितर्क अनर्थकारी हैं। अतः उन्हें छोड़ने का प्रयास करना चाहिये। और कुशल वितर्क साधना में हितकारी हैं, अतः उन्हें ग्रहण करते रहने का प्रयास करना चाहिये। कामवितर्क, व्यापादवितर्क, विहिंसावितर्क आदि अकुशल वितर्कों का समूह सभी के लिये अनर्थकारी होने से, भिक्षु द्वारा त्याज्य हैं, और इसके विपरीत, नैष्कर्म्य-वितर्क, अव्यापादवितर्क आदि कुशल साधनानुकूल हैं। अतः उन्हें सर्वथा ग्रहण, करने का प्रयास करना चाहिये। ताकि चारों ध्यानों की समापत्ति हो। अन्त में भगवान् ने इसी बात का एक महामृगसङ्घ की उपमा द्वारा विशद व्याख्यान किया॥

२०. **वितक्कसण्ठानसुत्त**—इस सूत्र का उपदेश भगवान् ने श्रावस्ती के जेतवनाराम में भिक्षुसंघ को किया था। इसमें भगवान् कहते हैं—भिक्षु को अपना चित्त अकुशल कर्मों की ओर से हटाकर कुशल कर्मों में लगाना चाहिये। अकुशल कर्मों के दुष्परिणामों का चिन्तन करना चाहिये। यों अकुशल कर्मों की ओर मन को जाने ही न देना चाहिये। इसका एक मात्र उपाय यह है कि हम शुद्ध चित्त से अशुद्ध चित्त को बराबर कठोरता से दबाते रहें कि उसमें किसी भी प्रकार के मलिन विचार आने ही न पावें। इस प्रसंग में भगवान् ने चित्त-निग्रह के पाँच उपाय बताये हैं।

# THE PĀLI ALPHABET IN DEVANĀGARI AND ROMAN CHARACTERS

## VOWELS

अ a आ ā इ i ई ī उ u ऊ ū ए e ओ o

## CONSONANTS WITH NOWEL "A"

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क ka | ख kha | ग ga | घ gha | ङ ṅa |
| च ca | छ cha | ज ja | झ, झ jha | ञ ña |
| ट ṭa | ठ ṭha | ड ḍa | ढ ḍha | ण ṇa |
| त ta | थ tha | द da | ध dha | न na |
| प pa | फ pha | ब ba | भ bha | म ma |
| य ya | र ra | ल la | व va | स sa |
| | | ह ha | ळ ḷa | अं aṃ |

## VOWELS IN COMBINATION

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क ka | का kā | कि ki | की kī | कु ku | कू kū | के ke | को ko |
| ख kha | खा khā | खि khi | खी khī | खु khu | खू khū | खे khe | खो kho |

## CONJUNCT-CONSONANTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्क kka | ञ्च ñca | द्व dva | म्ब mba |
| क्ख kkha | ञ्छ ñcha | ध्य dhya | म्भ mbha |
| क्य kya | ञ्ज ñja | ध्व dhva | म्म mma |
| क्रि kri | ञ्झ, ञ्झ ñjha | न्त nta | म्य mya |
| क्ल kla | ट्ट ट्ट ṭṭa | न्त्व ntva | म्ह mha |
| क्व kva | ट्ठ, ट्ठ ṭṭha | न्थ ntha | य्य yya |
| ख्य khya | ड्ड ड्ड ḍḍa | न्द nda | य्ह yha |
| ख्व khva | ड्ढ, ड्ढ ḍḍha | न्द्र ndra | ल्ल lla |
| ग्ग gga | ण्ट ṇṭa | न्ध ndha | ल्य lya |
| ग्घ ggha | ण्ठ ṇṭha | न्न nna | ल्ह lha |
| ग्य gya | ण्ड ṇḍa | न्य nya | व्ह vha |
| ग्र gra | ण्ण ṇṇa | न्ह nha | स्त sta |
| ङ्क ṅka | ण्ह ṇha | प्प ppa | स्त्र stra |
| ङ्ख ṅkha | त्त tta | प्फ ppha | स्न sna |
| ङ्ग, ङ्ग ṅga | त्थ ttha | प्य pya | स्य sya |
| ङ्घ ṅgha | त्व tva | प्ल pla | स्स ssa |
| च्च cca | त्य tya | ब्ब bba | स्म sma |
| च्छ ccha | त्र tra | ब्भ bbha | स्व sva |
| ज्ज jja | द्द, द्द dda | ब्य bya | ह्म hma |
| ज्झ, ज्झ jjha | द्ध ddha | ब्र bra | ह्व hva |
| ञ्ञ ñña | द्य dya | म्प mpa | ळ्ह lha |
| ञ्ह ñha | द्र dra | म्फ mpha | |

ा=ā; ि=i; ी=ī; ु=u; ू=ū; े=e; ो=o

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | ० |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |

# मज्झिमनिकाये

## मूलपण्णासके

### मूलपरियाय-सीहनादवग्गानं

## विसयक्कमो

सुत्तपिटके

# मज्झिमनिकायो

( १. मूलपण्णासकं )

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

# मज्झिमनिकायपालि

## ( मूलपण्णासकं )

### १. मूलपरियायसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा उक्कट्ठायं विहरति [N 3, B. 1, R. 1] सुभगवने सालराजमूले। तत्थ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि— "भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—"सब्बधम्ममूलपरियायं वो, भिक्खवे, देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं।

---

### १. मूलपर्यायसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् ( बुद्ध ) उक्कट्ठा के सुभग वन में किसी विशाल साल वृक्ष के नीचे विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया—'भिक्षुओ'। उन भिक्षुओं ने भगवान् को ससम्मान 'हाँ भन्ते'—कह कर उत्तर दिया[१]।

तब भगवान् ने उचित प्रसङ्ग जान कर उन भिक्षुओं को उपदेश करना प्रारम्भ किया—"भिक्षुओ ! मैं तुम्हें जगत् में दृश्यमान स्थूल-सूक्ष्म तत्वों का मूल (आदि) कारण समझाता हूँ, इसे ध्यानपूर्वक सुनो और ( मैं जो कहूँ, ) उसे भली प्रकार मन में धारण करो।" "अच्छा भन्ते" कहकर भिक्षुकों ने भगवान् को सविनय प्रत्युत्तर दिया।

---

१. इस सूत्र का दर्शन यह है—संसार में जितनी भी संज्ञायें ( नाम ) हैं, भले ही वह पृथ्वी हो या जल, तेज हो या वायु, प्राणी, देवता, प्रजापति, ब्रह्मा, एकत्व-नानात्व, निर्वाण आदि सभी नामों का प्रयोग व्यवहारमात्र के लिये है। किसी अनाड़ी (पृथग्जन) संसारी जन से लेकर परमज्ञानी जीवन्मुक्त अर्हत् तक सभी व्यवहार में इन शब्दों का प्रयोग करते हैं। अन्तर यही है कि अनाड़ी इन संज्ञाओं को परमार्थतः भी नित्य समझकर उनमें लिप्त रहता है, और परमार्थतः इन के शून्य स्वभाव का ज्ञान रखने वाला अर्हत् इनमें लिप्त नहीं होता। ज्ञान के विकास में जिसने जो स्तर प्राप्त कर लिया है वह तदनुसार ही व्यवहार की बातों का परमार्थरूप देखपाता है। और उन से उतनी दूर तक अलिप्त रह पाता है।

## १. पुथुज्जनवसेन नयभूमि

### तस्स अपरिञ्ञातत्ता

भगवा एतदवोच—

२. "इध, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं अदस्सावी अरियधम्मस्स अकोविदो, अरियधम्मे अविनीतो, सप्पुरिसानं अदस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स अकोविदो, सप्पुरिसधम्मे अविनीतो—पठविं पठवितो सञ्जानाति; पठविं पठवितो सञ्ञत्वा पठविं मञ्ञति, पठविया मञ्ञति, पठवितो मञ्ञति, पठविं मे ति मञ्ञति, पठविं अभिनन्दति। तं किस्स हेतु? 'अपरिञ्ञातं तस्सा' ति वदामि।

"आपं आपतो सञ्जानाति; आपं आपतो सञ्ञत्वा आपं मञ्ञति, आपस्मिं मञ्ञति, आपतो मञ्ञति, आपं मे ति मञ्ञति, आपं अभिनन्दति। तं किस्स हेतु? 'अपरिञ्ञातं तस्सा' ति वदामि।

"तेजं तेजतो सञ्जानाति; तेजं तेजतो सञ्ञत्वा तेजं मञ्ञति, [B.2, N. 4] तेजस्मिं मञ्ञति, तेजतो मञ्ञति, तेजं मे ति मञ्ञति, तेजं अभिनन्दति। तं किस्स हेतु? 'अपरिञ्ञातं तस्सा' ति वदामि।

---

**१. पृथग्जन की दृष्टि से तत्त्वों की वास्तविकता का विवेचन—**

"आकंखेय्य चे, भिक्खवे, भिक्खु—'दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते पस्सेय्यं चवमाने उपपज्जमाने हीने पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे सत्ते पजानेय्यं—इमे वत भोन्तो सत्ता कायदुच्चरितेन समन्नागता वचीदुच्चरितेन समन्नागता मनोदुच्चरितेन समन्नागता अरियानं उपवादका मिच्छादिट्ठिका मिच्छादिट्ठिकम्मसमादाना, ते कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपन्ना; इमे वा पन भोन्तो सत्ता कायसुचरितेन समन्नागता वचीसुचरितेन समन्नागता मनोसुचरितेन समन्नागता अरियानं अनुपवादका सम्मादिट्ठिका सम्मादिट्ठिकम्मसमादाना, ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपन्ना ति, इति दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते पस्सेयं चवमाने उपपज्जमाने हीने पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे

---

(विशाल) चित्त···अनुपमचित्त···; समाहितचित्त···असमाहितचित्त···; विमुक्त चित्त···अविमुक्त होने पर 'यह अविमुक्त चित्त है'—यह जान लूँ, तो उसे शील···।

···यदि कोई भिक्षु चाहे कि मैं अपने नानाविध पूर्वजन्मों को जान लूँ, जैसे एक जन्म को···अनेक जन्मों का भी अनुस्मरण कर लूँ, तो उसे शील का···।

···यदि कोई भिक्षु चाहता है कि मैं मानवोत्तर विशुद्ध दिव्य चक्षु से अच्छे-

सत्ते पजानेय्यं' ति, सीलेस्वेवस्स परिपूरकारी अज्झत्तं चेतोसमथमनुयुत्तो अनिराकतज्झानो विपस्सनाय समन्नागतो ब्रूहेता सुञ्ञागारानं। (त)

"आकंखेय्य चे, भिक्खवे, भिक्खु –'आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज [R 36, B. 43] विहरेय्यं' ति, सीलेस्वेवस्स परिपूरकारी अज्झत्तं चेतोसमथमनुयुत्तो अनिराकतज्झानो विपस्सनाय समन्नागतो ब्रूहेता सुञ्ञागारानं। (थ)

४. "सम्पन्नसीला, भिक्खवे, विहरथ सम्पन्नपातिमोक्खा; पातिमोक्खसंवरसंवुता विहरथ आचारगोचरसम्पन्ना अणुमत्तेसु वज्जेसु भयदस्साविनो; [N 48] समादाय सिक्खथ सिक्खापदेसू' ति—इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं" ति।

५. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति।

●

---

बुरे, सुवर्ण-दुर्वर्ण···प्राणियों को···देखूँ—यह आप प्राणी···तो उसे शील का···।

···यदि कोई भिक्षु चाहता है कि मैं आस्रवों के क्षय से जो आस्रवरहित चित्त की विमुक्ति है, प्रज्ञा द्वारा मुक्ति है, उसे इसी जन्म में स्वयं साक्षात्कार कर, प्राप्त कर विहार करूँ तो उसे शील का ···।

४. भिक्षुओ ! शीलसम्पन्न होकर लोक में विचरण करो, प्रातिमोक्षसम्पन्न होकर हिंसा आदि आठ पापकर्मों से विरत होकर विचरण करो···।"

भगवान् ने यह उपदेश किया। सन्तुष्ट होकर उन भिक्षुओं ने भगवान् के इस उपदेश का अभिनन्दन किया।

आकङ्खेय्यसुत्त पूर्ण हुआ॥

●

## ७. वत्थसुत्तं

१ एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति [ N. 49 ] जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं।

### १. भिक्खु चित्तस्स उपक्किलेसे पजहति

भगवा एतदवोच—

"सेय्यथापि, भिक्खवे, वत्थं सङ्किलिट्ठं मलग्गहितं; तमेनं रजको यस्मिं यस्मिं रङ्गजाते उपसंहरेय्य—यदि नीलकाय यदि पीतकाय यदि लोहितकाय यदि मञ्जिट्ठकाय दुरत्तवण्णमेवस्स, अपरिसुद्धवण्णमेवस्स। तं किस्स हेतु? अपरिसुद्धत्ता, भिक्खवे, वत्थस्स। एवमेव खो, भिक्खवे, चित्ते सङ्किलिट्ठे, दुग्गति पाटिकङ्खा।

'सेय्यथापि, भिक्खवे, वत्थं परिसुद्धं परियोदातं; तमेनं रजको यस्मिं यस्मिं रङ्गजाते उपसंहरेय्य यदि नीलकाय यदि पीतकाय यदि लोहितकाय यदि मञ्जिट्ठकाय—सुरत्तवण्णमेवस्स, परिसुद्धवण्णमेवस्स। तं किस्स हेतु? परिसुद्धत्ता, भिक्खवे, वत्थस्स। एवमेव खो, भिक्खवे, चित्ते असङ्किलिट्ठे, सुगति पाटिकङ्खा।

---

## ७. वस्त्रसूत्र

ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् श्रावस्ती नगरी स्थित जेतवन में अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित विहार में विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को 'भिक्षुओ' सम्बोधित कर (पास) बुलाया। भिक्षुओं ने (पास आ कर) 'हाँ भन्ते' यह उत्तर दिया। भगवान् उन से यों बोले—

भिक्षुओ! जैसे कोई मैला कुचैला वस्त्र हो, उसे रंगरेज जिस किसी (भी) रंग में रंग डाले—भले ही नीले रंग में, या पीले रंग में, या लाल रंग में, या मंजीठ के रंग में, पर वह आखिर में बदरंग ही रहेगा, अशुद्ध वर्ण ही रहेगा। यह किस कारण? भिक्षुओ! (उस) वस्त्र के अशुद्ध (मैला) होने के कारण। ऐसे ही भिक्षुओ! चित्त के मलिन होने से व्यक्ति की भी दुर्गति ही सम्भव है।

(और) जैसे भिक्षुओ! कोई वस्त्र साफ-सुथरा हो, उसे रंगरेज जिस किसी रंग में रंगना चाहे—भले ही नीले में, भले ही पीले में, या लाल में, या मंजीठ में—वह अच्छा ही रंगा जायगा और शुद्ध वर्ण ही होगा। वह किस कारण? भिक्षुओ! (उस) वस्त्र के शुद्ध (साफ) होने के कारण। ऐसे ही भिक्षुओ! चित्त के अनुपक्लिष्ट (निर्मल) होने के कारण उस प्राणी की सुगति ही सम्भव है।

२. "कतमे च, भिक्खवे, चित्तस्स उपक्किलेसा ? अभिज्झाविसमलोभो चित्तस्स उपक्किलेसो, ब्यापादो चित्तस्स उपक्किलेसो, कोधो ··· उप- [B 44] नाहो ··· मक्खो ··· पळासो ··· इस्सा ··· मच्छरियं ··· माया ··· साठेय्यं ··· [R. 37] थम्भो ··· सारम्भो ··· मानो ··· अतिमानो ··· मदो ··· पमादो चित्तस्स उपक्किलेसो ।

३. "स खो सो, भिक्खवे, भिक्खु –'अभिज्झाविसमलोभो चित्तस्स उपक्किलेसो' ति—इति विदित्वा अभिज्झाविसमलोभं चित्तस्स उपक्किलेसं पजहति । 'ब्यापादो चित्तस्स उपक्किलेसो' ति—इति विदित्वा ब्यापादं चित्तस्स उपक्किलेसं पजहति । कोधो ··· उपनाहो ··· मक्खो ··· पळासो ··· इस्सा ··· मच्छरियं ··· माया ··· साठेय्यं ··· थम्भो ··· सारम्भो ··· मानो ··· अति-

[ उपक्लेश कितने हैं ? ]

२. भिक्षुओ ! चित्त के उपक्लेश ( मल ) कौन से हैं ?

१. अभिध्या विषमलोभ ( वासना ) चित्त का उपक्लेश है

२. व्यापाद ( परद्रोह ) चित्त का उपक्लेश है ।

३ क्रोध चित्त का उपक्लेश है ।

४. उपनाह ( पाखण्ड ) चित्त का उपक्लेश है ।

५. म्रक्ष ( डाह ) चित्त का उपक्लेश है ।

६. प्रदाश ( निष्ठुरता ) चित्त का उपक्लेश है ।

७. ईर्ष्या (जलन) चित्त का उपक्लेश है ।

८. मात्सर्य ( कंजूसी ) चित्त का उपक्लेश है ।

९. माया ( वंचना ) चित्त का उपक्लेश है ।

१०. शठता (धूर्तता) चित्त का उपक्लेश है ।

११. स्तम्भ ( जडता ) चित्त का उपक्लेश है ।

१२. सारम्भ ( हिंसा ) चित्त का उपक्लेश है ।

१३. मान (अहङ्कार) चित्त का उपक्लेश है ।

१४. अतिमान (वृथाभिमान) चित्त का उपक्लेश है ।

१५. मद चित्त का उपक्लेश है ।

१६. प्रमाद चित्त का उपक्लेश है ।

३. भिक्षुओ ! जो भिक्षु 'अभिध्याविषमलोभ चित्त का उपक्लेश है' यह जानकर अभिध्या विषमलोभ को त्याग देता है; 'व्यापाद चित्त का उपक्लेश है'—यह जानकर ···; 'क्रोध ··· ; 'उपनाह ···; 'म्रक्ष ···; 'प्रदाश ···; 'ईर्ष्या ···; 'मात्सर्य ···; 'माया ···; 'शाठ्य ···; 'स्तम्भ ···; 'सारम्भ ···; 'मान ···; 'अतिमान

मानो…मदो…'पमादो चित्तस्स उपक्किलेसो' ति इति विदित्वा पमादं चित्तस्स उपक्किलेसं पजहति।

४. "यतो खो, भिक्खवे, भिक्खुनो 'अभिज्झाविसमलोभो [ N. 50 ] चित्तस्स उपक्किलेसो' ति—इति विदित्वा अभिज्झाविसमलोभो [ B 45 ] चित्तस्स उपक्किलेसो पहीनो होति, 'ब्यापादो चित्तस्स उपक्किलेसो' ति—इति विदित्वा ब्यापादो चित्तस्स उपक्किलेसो पहीनो होति, कोधो …उपनाहो … मक्खो … पळासो … इस्सा…मच्छरियं…माया…साठेय्यं …थम्भो…सारम्भो … मानो … अतिमानो … मदो … पमादो चित्तस्स उपक्किलेसो ति—इति विदित्वा पमादो चित्तस्स उपक्किलेसो पहीनो होति।

## २. सो अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो होति

५. "सो बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो होति—'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि, सत्था देवमनुस्सानं, बुद्धो भगवा' ति। धम्मे अवेच्चप्पसादेन

---

…; 'मद…'; 'प्रमाद चित्त का उपक्लेश हैं'—यह जानकर प्रमाद को चित्त का उपक्लेश समझ कर त्याग देता है।

४. क्योंकि भिक्षुओ! उस भिक्षु का 'अभिध्याविषमलोभ चित्त का उपक्लेश है'—यह जान कर वह अभिध्याविषमलोभ नामक चित्त का उपक्लेश प्रहीण (विनष्ट) हो जाता है; 'व्यापाद…'; 'क्रोध…'; 'उपनाह…'; 'म्रक्ष…'; 'प्रदाश…'; 'ईर्ष्या…'; 'मात्सर्य…'; 'माया…'; 'शाठ्य…'; 'स्तम्भ…'; 'सारम्भ…'; 'मान…'; 'अतिमान…' 'मद…'; 'प्रमाद चित्त का उपक्लेश है'—ऐसा जानकर प्रमाद नामक चित्त का उपक्लेश प्रहीण हो जाता है।

**ऐसे भिक्षु का श्रद्धापूर्वक त्रिशरणगमन—**

५. ऐसा भिक्षु बुद्ध के प्रति अत्यन्त श्रद्धा युक्त होता है कि 'ये भगवान् अर्हत्, सम्यक्सम्बुद्ध (=परमज्ञानी) विद्या और आचरण से परिपूर्ण, सुगत (=सुन्दर गति को प्राप्त) लोकविद्, पुरुषों को नियन्त्रित कर सन्मार्ग पर लगाने के अनुपम चाबुकधारी सवार (सारथि), देव मनुष्यों के उपदेष्टा बुद्ध भगवान् हैं। वह धर्म के प्रति अत्यन्त श्रद्धायुक्त होता है कि—'भगवान् के द्वारा आदिष्ट धर्म सुन्दर रीति से कहा गया है; वह (उसका आचरण) इसी शरीर के रहते फल देने वाला है, कालान्तर में नहीं अपितु सद्यः फलप्रद है, इस का परिणाम यहीं दिखायी देने वाला है, निर्वाण (मोक्ष) के पास पहुँचाने वाला है, विज्ञ पुरुषों को अपने भीतर (अध्यात्म) ही विदित होने वाला है। वह भिक्षु सङ्घ में भी अत्यन्त श्रद्धायुक्त होता है कि 'भगवान् का

समन्नागतो होति—'स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सन्दिट्ठिको अकालिको एहि-पस्सिको ओपनेय्यिको, पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूही' ति। सङ्घे अवेच्चप्प-सादेन समन्नागतो होति -'सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो उजुप्पटिपन्नो [B. 46] भगवतो सावकसङ्घो, ञायप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, सामीचिप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, यदिदं चत्तारि पुरिसयुगानि, अट्ठ पुरिसपुग्गला। एस भगवतो सावकसङ्घो आहुनेय्यो पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो, अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा' ति।

### ३. तस्स चित्तं समाधियति

६. "यथोधि खो पनस्स चत्तं होति वन्तं मुत्तं पहीनं पटिनिस्सट्ठं, सो 'बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतोम्ही' ति लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदेति सुखिनो चित्तं समाधियति। धम्मे··· पे०···'सङ्घे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतोम्ही' ति लभति अत्थवेदं, लभति [N. 51] धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदेति, सुखिनो चित्तं [R 38] समाधियति। 'यथोधि खो पन मे चत्तं वन्तं मुत्तं पहीनं पटि-निस्सट्ठं' ति लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं

---

यह श्रावक ( शिष्य सङ्घ ) सन्मार्ग पर सही ढंग से चल रहा है, इसकी साधना का मार्ग सरल है, यह न्याय सम्पृक्त है, इसे ही सही मार्ग कहा जा सकता है। ये जो चार पुरुष युगल ( स्रोत आपन्न, सकृदागामी, अनागामी, अर्हत् ) और पुरुष पुद्गल ( =स्त्री-पुरुष भेद से स्रोत आपन्न आदि ) आठ हैं यही भगवान् का श्रावकसङ्घ है। जो कि निमन्त्रित करने योग्य है, आतिथ्य करने योग्य है, दान करने योग्य है, हाथ जोड़ने योग्य है, और लोक के पुण्य ( की खेती ) का क्षेत्र है।

**चित्त की एकाग्रावस्था**

६. जब उस भिक्षु के वे मल त्यक्त, वान्त, मुक्त, प्रहीण या विसर्जित हो जाते हैं और 'मैं बुद्ध के प्रति अत्यन्त श्रद्धायुक्त हूँ'—यह सोचकर वह अर्थज्ञान और धर्मज्ञान को पाता है और धर्मज्ञानसम्बन्धी प्रामोद्य ( खुशी ) प्राप्त करता है। उस प्रमुदित व्यक्ति को प्रीति ( =सन्तोष ) होती है। इस प्रीति सम्पन्न पुरुष का शरीर शान्त लगता है, वह शरीर में शान्ति महसूस करने वाला सुख का अनुभव करने लगता है। उस सुखी व्यक्ति का चित्त एकाग्र होता है—'मैं धर्म में अत्यन्त श्रद्धायुक्त हूँ'—यह सोचकर वह अर्थज्ञान और·····। 'मैं सङ्घ में अत्यन्त

पामोज्जं । पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति पस्सद्ध-कायो सुखं वेदेति, सुखिनो चित्तं समाधियति ।

७. "स खो सो, भिक्खवे, भिक्खु एवंसीलो एवंधम्मो एवंपञ्ञो सालीनं चे पि पिण्डपातं भुञ्जति विचितकाळकं अनेकसूपं अनेक-ब्यञ्जनं, नेवस्स तं होति अन्तरायाय । सेय्यथापि, भिक्खवे, वत्थं सङ्किलिट्ठं मलग्गहितं अच्छोदकं आगम्म परिसुद्धं होति परियोदातं, उक्कामुखं वा पनागम्म जातरूपं परिसुद्धं होति परियोदातं, एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवंसीलो एवंधम्मो एवंपञ्ञो सालीनं चे पि पिण्ड-पातं भुञ्जति विचितकाळकं अनेकसूपं अनेकब्यञ्जनं, नेवस्स तं होति अन्तरायाय ।

### ४. सो ब्रह्मविहारे भावेति

८ "सो मेत्तासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरति, तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थं । इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं मेत्तासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरति । करुणासहगतेन चेतसा···पे०··· मुदितासहगतेन चेतसा··पे०···उपेक्खासहगतेन चेतसा एकं [ B. 47 ] दिसं फरित्वा विहरति, तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थं । इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं उपेक्खासहगतेन

---

श्रद्धायुक्त हूँ—यह सोचकर वह···। जब उसके मल त्यक्त···होते हैं तो वह अर्थ-ज्ञान और धर्मज्ञान प्राप्त कर लेता है····। सुखी का चित्त एकाग्र होता है ।

७. भिक्षुओ ! यह ऐसे शीलवाला ऐसे धर्मवाला, ऐसी प्रज्ञावाला भिक्षु भिक्षान्न के बजाय काले कण अलग निकाल कर बने शालि चावल के भात को अनेक सूप और व्यञ्जन के साथ खाये, तो भी उसको विघ्न नहीं होगा ।

भिक्षुओ ! जैसे मैला-कुचैला वस्त्र स्वच्छ जल पाकर साफ-सुथरा हो जाता है, और भट्टी में डालकर तपाया हुआ सोना निर्मल ( साफ ) हो जाता है, ऐसे ही भिक्षुओ ! ऐसे शीलवाला, ऐसे धर्मवाला, ऐसी प्रज्ञा वाला भिक्षु चाहे शालि-भात ····।

**उसकी ब्रह्मविहार भावना**

८. वह मैत्रीयुक्त चित्त से जैसे एक दिशा को पूरा कर विचरण करता है, वैसे दूसरी दिशा को वैसे ही तीसरी और चौथी दिशा को परिपूर्ण कर····। इस प्रकार ऊपर नीचे, आडे-टेढे, सबका विचार रखने वाला, सबके लिये, विपुल महान्, निष्प्रमाण, निर्वैर, निर्व्याधार मैत्रीयुक्त चित्त से समग्र लोकों को पूर्ण कर विचरण

चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरति।

### ५. सो अन्तरेन सिनानेन सिनातो होति

९. 'सो 'अत्थि इदं अत्थि हीनं अत्थि पणीतं अत्थि इमस्स सञ्ञागतस्स उत्तरिं निस्सरणं' ति पजानाति। तस्स एवं जानतो एवं पस्सति [N.52] कामासवा पि चित्तं विमुच्चति, भवासवा पि चित्तं विमुच्चति, अविज्जासवा पि चित्तं विमुच्चति। विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति [R. 39] पजानाति। अयं वुच्चति, भिक्खवे—'भिक्खु सिनातो अन्तरेन सिनानेना'' ति।

### ६. नदिया सिनानं सत्तं न सोधेति

१० तेन खो पन समयेन सुन्दरिकभारद्वाजो ब्राह्मणो भगवतो अविदूरे निसिन्नो होति। अथ खो सुन्दरिकभारद्वाजो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच— ''गच्छति पन भवं गोतमो बाहुकं नदिं सिनायितुं'' ति?

''किं, ब्राह्मण, बाहुकाय नदिया? किं बाहुका नदी करिस्सती'' ति?

---

करता है। वह करुणायुक्त चित्त से······मुदिता सहगत चित्त से······ उपेक्षायुक्त चित्त से एक दिशा को परिपूर्ण कर······।

**आध्यात्मिक स्नान**

९. ऐसा वह ब्रह्मविहारी भिक्षु हर वस्तु के बारे में जानता है कि 'यह निकृष्ट है', 'यह उत्कृष्ट है।' इन लौकिक संज्ञाओं से ऊपर निःसरण है'–ऐसा जानते देखते हुए उसका चित्त काम वासनारूपी आस्रव से मुक्त हो जाता है, भव-आस्रव से······ अविद्या आस्रव से मुक्त हो जाता है। मुक्त हो जाने पर उसे 'मुक्त हो गया हूँ'— यह ज्ञान होता है, और वह जानता है कि मेरा जन्म क्षीण हो गया, ब्रह्मचर्यवास पूर्ण हो गया, मुझे करना था सो कर लिया, अब यहाँ दूसरा कुछ करने को अवशिष्ट नहीं है। भिक्षुओ! यह भिक्षु बाह्य स्नान किये बिना ही स्नात (= नहाया हुआ) ही कहलाता है।

**केवल तीर्थस्नान से पापक्षय नहीं होता**

१०. उस समय सुन्दरिक भारद्वाज ब्राह्मण भगवान् के सामने कुछ दूर आकर बैठ गया। और उस सुन्दरिक भारद्वाज ने भगवान् से यों पूछा—"आप गौतम! बाहुका नदी में स्नान करने चलेंगे?"

"ब्राह्मण! बाहुका नदी क्या करेगी? बाहुका नदी से हमें क्या लेना-देना है?"

"लोकसम्मता हि, भो गोतम, बाहुका नदी बहुजनस्स, पुञ्ञसम्मता हि, भो गोतम, बाहुका नदी बहुजनस्स। बाहुकाय च पन नदिया बहुजनो पापकम्मं कतं पवाहेती" ति।

अथ खो भगवा सुन्दरिकभारद्वाजं ब्राह्मणं गाथाहि अज्झभासि—

"बाहुकं अधिकक्कं च, गयं सुन्दरिकामपि।
सरस्सतिं पयागं च, अथो बाहुमतिं नदिं।
निच्चं पि बालो पक्खन्तो कण्हकम्मो न सुज्झति॥
"किं सुन्दरिका करिस्सति, किं पयागो, किं बाहुका नदी।
वेरिं कतकिब्बिसं नरं, न हि नं सोधये पापकम्मिनं॥
"सुद्धस्स वे सदा फग्गु, सुद्धस्सुपोसथो सदा। [B. 48]
सुद्धस्स सुचिकम्मस्स, सदा सम्पज्जते वतं।
इधेव सिनाहि ब्राह्मण, सब्बभूतेसु करोहि खेमतं॥
"सचे मुसा न भणसि, सचे पाणं न हिंससि।
सचे अदिन्नं नादियसि, सद्दहानो अमच्छरी।
किं काहसि गयं गन्त्वा, उदपानो पि ते गया" ति॥

---

"हे गौतम! बाहुका नदी पर तो दुनिया की श्रद्धा है, उसे प्रायः सभी लोग पवित्र मानते हैं। बहुत से लोग बाहुका नदी में अपने किये पापों को बहाते हैं।"

तब भगवान् ने सुन्दरिक भारद्वाज को गाथाओं से यह उपदेश किया—

बाहुका, अधिकक्क, गया और सुन्दरिका, सरस्वती, प्रयाग तथा बाहुमती नदियों में काले कारनामों वाला मूढ चाहे नित्य स्नान करे, किन्तु वह शुद्ध नहीं होगा।

सुन्दरिका (नदी) क्या करेगी? प्रयाग तीर्थ क्या करेगा? और क्या करेगी बाहुका नदी! घोर पापियों कृत किल्विषों (पापकर्त्ता) दुष्ट व्यक्तियों को ये (तीर्थ) शुद्ध करने की क्षमता नहीं रखते॥

शुद्ध निर्दुष्टमन और पवित्र कर्मों वाले पुरुष के लिए हमेशा हर जगह फल्गु है और ऐसे व्यक्ति के लिये सदा ही उपोसथ (व्रत का दिन) है। ऐसे आदमी के व्रत सदा ही पूरे होते रहते हैं। अतः ब्राह्मण यहीं (पवित्र मन रूपी नदी में) समग्र प्राणियों की सुख कामना करते हुए स्नान कर।

ब्राह्मण! यदि तूँ झूठ नहीं बोलता, यदि तूँ किसी की हिंसा नहीं करता; यदि तूँ किसी का बिना दिया नहीं लेता और धर्म में श्रद्धावान् है, अभिमानरहित है तो गया (जहाँ फल्गु नदी बहती है) जा कर क्या करेगा! तब तो ग्राम का क्षुद्र जलाशय भी तेरे लिये गयारूप ही है।"

[N. 53] ११. "एवं वुत्ते, सुन्दरिकभा रद्वाजो ब्राह्मणो भगवन्तं एतद-वोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम, अभिक्कन्तं, भो गोतम ! सेय्यथापि, भो गोतम, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—'चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती' ति; एवमेव भोता गोतमेन अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं भवन्तं गोतमं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। लभेय्याहं भोतो गोतमस्स सन्तिके पब्बज्जं लभेय्यं उपसम्पदं" ति।

अलत्थ खो सुन्दरिकभारद्वाजो ब्राह्मणो भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, [R. 40] अलत्थ उपसम्पदं। अचिरूपसम्पन्नो खो पनायस्मा भारद्वाजो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्स-त्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्म-चरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। "खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थ-त्ताया" ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो खो पनायस्मा भारद्वाजो अरहतं अहोसी ति॥

---

११. भगवान् के ऐसा कहने पर सुन्दरिक भारद्वाज ब्राह्मण ने भगवान् को यों निवेदन किया—"हे गौतम, आश्चर्य है, आश्चर्य है ! हे गौतम ! जैसे कोई औंधे को सीधा कर दे, ढके को खोल दे, न जानने वाले को रास्ता बता दे, अन्धकार में प्रकाश ले कर खड़ा हो जाय कि देखने वाले मनचाही वस्तु को देख सकें; इसी तरह आप गौतम ने अनेक प्रकार से धर्म का उपदेश किया। अतः मैं पूज्य गौतम की शरण ग्रहण करता हूँ धर्म की···सङ्घ की शरण ग्रहण करता हूँ। आप गौतम से मैं प्रव्रज्या (सन्यास-दीक्षा) प्राप्त करूँ, उपसम्पदा (=सङ्घ में प्रवेश का अधिकार) प्राप्त कर लूं यह मेरी इच्छा है। (तब) सुन्दरिक भारद्वाज ब्राह्मण ने भगवान् से प्रव्रज्या पायी, उपसम्पदा पायी। उपसम्पदा-प्राप्ति के बाद आयुष्मान् भारद्वाज एकान्त में प्रमादरहित, उद्योगयुक्त आत्मनिग्रही हो अभ्यास करते-करते, अल्प समय में ही जिसके लिये कुलपुत्र घर छोड़कर बेघर हो प्रव्रजित होते हैं उस अनुपम ब्रह्मचर्य के अन्तिम फल ( = निर्वाण ) को इसी जन्म में स्वयं जानकर, समझकर, प्राप्त कर लोकविचरण करने लगे। 'मेरा इस लोक में आवागमन समाप्त हो गया, मैंने ब्रह्मचर्य ( =धर्माचरण ) पूरा कर लिया, मैं अपना कर्त्तव्य कर चुका, अब कुछ भी करणीय अवशिष्ट नहीं है'—यह जान लिया। यों आयुष्मान भारद्वाज भी अर्हतों में एक (प्रमुख) गिने जाने लगे॥

वत्थसुत्त पूर्ण हुआ॥

# ८. सल्लेखसुत्तं

## १. दिट्ठीनं पटिनिस्सग्गो

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेत- [N. 54] वने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मा महाचुन्दो सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा [B 49] महाचुन्दो भगवन्तं एतदवोच—"या इमा, भन्ते, अनेकविहिता दिट्ठियो लोके उप्पज्जन्ति—अत्तवादपटिसंयुत्ता वा लोकवादपटिसंयुत्ता वा—आदिमेव नु खो, भन्ते, भिक्खुनो मनसिकरोतो एवमेतासं दिट्ठीनं पहानं होति, एवमेतासं दिट्ठीनं पटिनिस्सग्गो होती" ति ?

२. "या इमा, चुन्द, अनेकविहिता दिट्ठियो लोके उप्पज्जन्ति—अत्तवादपटिसंयुत्ता वा लोकवादपटिसंयुत्ता वा—यत्थ चेता दिट्ठियो उप्पज्जन्ति यत्थ च अनुसेन्ति यत्थ च समुदाचरन्ति, तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो एवमेतासं दिट्ठीनं पहानं होति, एवमेतासं दिट्ठीनं पटिनिस्सग्गो होति।

---

# ८. सल्लेखसूत्र

## १. दृष्टियों का त्याग

१. ऐसा मैंने सुना है ( कि ) एक समय भगवान् श्रावस्ती नगरी में अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी के जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् महाचुन्द सायं काल ध्यान से उठकर जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गये। वहाँ पहुँच भगवान् को अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् महाचुन्द भगवान् से यों बोले—भन्ते, ये जो लोक में नाना प्रकार के मतवाद चले हुए हैं, जैसे—आत्मवाद सम्बन्धी या लोकवाद सम्बन्धी, क्या इनके आदि (=मूल) को ही मनमें विचार करने से इन मतवादों (दृष्टियों) का नाश हो सकता है, इनका परित्याग हो सकता है ?

२. चुन्द ! ये जो लोक में नाना प्रकार के मतवाद आत्मवाद या लोकवाद उत्पन्न होते हैं, उनको जहाँ ये मत उत्पन्न होते हैं, जहाँ ये आकार ग्रहण करते हैं, जहाँ ये व्यवहृत होते हैं, वहीं 'यह मेरा नहीं' 'न यह मैं हूँ', 'न यह मेरी आत्मा है'—इसे यों भली भाँति समझ-देख कर इन मतवादों का प्रहाण होता है, इनका परित्याग होता है।

## २. सल्लेखपरियायो

३. "ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' [R. 41] ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। दिट्ठधम्मसुखविहारा एते अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

"ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स [N.55] एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। दिट्ठधम्मसुखविहारा एते अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

"ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरेय्य, सतो च सम्पजानो सुखं च कायेन पटिसंवेदेय्य, यं तं अरिया आचिक्खन्ति—'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। दिट्ठधम्मसुखविहारा एते अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

---

सल्लेख ( दृढ धारणा या तप )—

३. हो सकता है चुन्द ! यहाँ कोई भिक्षु कामना रहित, अकुशल धर्म विरहित, वितर्क-विचार सहित विवेक ( एकान्त ) जन्य प्रीतिसुखमय प्रथम ध्यान को प्राप्त कर अभ्यास करे। उसको ऐसा हो कि—'मैं सल्लेखपूर्वक विहरण कर रहा हूँ'। लेकिन चुन्द ! आर्य विनय (बौद्ध धर्म) में इन्हें सल्लेख नहीं कहा जाता, यहाँ, इन्हें 'दृष्टधर्मसुखविहार' (=इसी जन्म में सुखपूर्वक साधनाभ्यास करना) कहते हैं।

हो सकता है चुन्द ! यहाँ कोई भिक्षु वितर्क विचार के शान्त होने पर······· द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर विहरण करे, उसे ऐसा हो कि 'मैं सल्लेख से विहरण कर रहा हूँ'। लेकिन चुन्द !···दृष्टधर्मसुखविहार कहते हैं।

हो सकता है चुन्द ! यहाँ कोई भिक्षु प्रीति से विरक्त हो···तृतीय ध्यान को प्राप्तकर विहरण करे····सुखविहार कहते हैं।

"ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना पुब्बेव सोमनस्सदोमनस्सानं अत्थङ्गमा अदुक्खमसुखं उपेक्खासतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स [B.50] एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। दिट्ठधम्मसुखविहारा एते अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

४. "ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा, पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा, नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा, 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। सन्ता एते विहारा अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

"ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द, अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति। सन्ता एते विहारा अरियस्स विनये वुच्चन्ति।

"ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरेय्य। तस्स एवमस्स 'सल्लेखेन विहरामी' ति। न खो पनेते, चुन्द,

---

हो सकता है चुन्द। यहाँ कोई भिक्षु सुख दुःख के प्रहाण से···चतुर्थध्यान··· सुखविहार कहते हैं।

४. हो सकता है चुन्द! यहाँ कोई भिक्षु रूपसंज्ञाओं का अन्त हो जाने से प्रतिघ (प्रतिहिंसा) संज्ञाओं की वास्तविकता समझ जाने से नानात्व की संज्ञाओं को मन में न करने से 'आकाश अनन्त है'—इस आकाशानन्त्यायतन समाधि में विहार करे·······आर्यविनय में इन्हें शान्तविहार कहा जाता है।

हो सकता है चुन्द! यहाँ कोई भिक्षु आकाशानन्त्यायतन को अतिक्रान्त कर, 'विज्ञान अनन्त है'—इस विज्ञानानन्त्यायतन को प्राप्त हो विहार करे, उसको ऐसा हो·······शान्तविहार कहते हैं।

हो सकता है चुन्द! यहाँ कोई भिक्षु विज्ञानानन्त्यायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर 'कुछ भी नहीं है'—इस आकिञ्चन्यायतन स्थिति में पहुँचकर विहार करे, और उसे ऐसा हो कि······आर्यविनय में इसे शान्तविहार कहते हैं।

अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति । सन्ता एते विहारा अरियस्स विनये वुच्चन्ति ।

[N.56] "ठानं खो पनेतं, चुन्द, विज्जति यं इधेकच्चो भिक्खु सब्बसो आकिञ्चञ्ञायतनं समतिक्कम्म नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरेय्य । तस्स एवमस्स—'सल्लेखेन विहरामी, ति । न खो पनेते, चुन्द, [R.42] अरियस्स विनये सल्लेखा वुच्चन्ति । सन्ता एते विहारा अरियस्स विनये वुच्चन्ति ।

५. "इध खो पन वो, चुन्द, सल्लेखो करणीयो । 'परे विहिंसका भविस्सन्ति, मयमेत्थ अविहिंसका भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे पाणातिपाती भविस्सन्ति, मयमेत्थ पाणातिपाता पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे अदिन्नादायी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अदिन्नादाना पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । [B 51] 'परे अब्रह्मचारी भविस्सन्ति, मयमेत्थ ब्रह्मचारी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे मुसावादी भविस्सन्ति, मयमेत्थ मुसावादा पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे पिसुणवाचा भविस्सन्ति, मयमेत्थ पिसुणाय वाचाय पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे फरुसवाचा भविस्सन्ति, मयमेत्थ फरुसाय वाचाय पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो । 'परे सम्फप्पलापी भविस्सन्ति,

---

यह भी हो सकता है चुन्द ! यहाँ कोई भिक्षु आकिञ्चन्यायतन से सर्वथा ऊपर उठ कर नैवसंज्ञानासंज्ञायतन की स्थिति में पहुँचकर विहार करे, और उसको ऐसा हो कि····आर्यविनय में इसे शान्तविहार कहते हैं ।

५. किन्तु ! चुन्द यहाँ (इस आर्यविनय में) सल्लेख इसे समझना चाहिये—'दूसरे विहिंसक ( हत्या का प्रयास करने वाले ) होते रहें, हम तो अविहिंसक ही रहेंगे'—ऐसा सल्लेख करना चाहिये । 'दूसरे प्राणातिपात ( प्राणिवध ) करते रहें; हम तो प्राणातिपात से दूर ही रहेंगे'···। 'दूसरे पराई चीज को बिना दिये लेने वाले होते रहें, परन्तु हम तो इस कर्म से दूर ही रहेंगे'···। 'दूसरे अब्रह्मचारी ( व्यभिचारी ) होते रहें, हम तो जीवन भर ब्रह्मचारी ही रहेंगे'····। 'दूसरे असत्यभाषी हों तो होते रहें, हम इस जीवन में असत्यभाषण ( मृषावाद ) से दूर ही रहेंगे '·····। 'दूसरे पराई चुगलखोरी करते रहें, हम तो इससे दूर ही रहेंगे'···। 'दूसरे लोग व्यवहार में दूसरों के साथ कठोरभाषी होते रहें, हम तो इस दुर्गुण से दूर ही रहेंगे'···। 'दूसरे लोग व्यवहार में बकवादी ( संप्रलापी )

मयमेत्थ सम्फप्पलापा पटिविरता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।
'परे अभिज्झालू भविस्सन्ति, मयमेत्थ अनभिज्झालू भविस्सामा, ति
सल्लेखो करणीयो। 'परे ब्यापन्नचित्ता भविस्सन्ति, मयमेत्थ अब्या-
पन्नचित्ता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छादिट्ठी
भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मादिट्ठी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।
'परे मिच्छासङ्कप्पा भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मासङ्कप्पा भविस्सामा'
ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छावाचा भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मा-
वाचा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छाकम्मन्ता भवि-
स्सन्ति, मयमेत्थ सम्माकम्मन्ता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।
'परे मिच्छाआजीवा भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्माआजीवा भविस्सामा'
ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छावायामा भविस्सन्ति, मयमेत्थ
सम्मावायामा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छासती
भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मासती भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।
परे मिच्छासमाधी भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मासमाधी भविस्सामा' [N.57]
ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छाञाणी भविस्सन्ति, मयमेत्थ सम्मा-
ञाणी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मिच्छाविमुत्ती भवि-
स्सन्ति, मयमेत्थ सम्माविमुत्ती भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।

---

होते रहें, हम तो इस संप्रलाप से दूर ही रहेंगे'...। 'दूसरे अभिध्यालु (लोभी) होते रहें, हम तो इस अभिध्या (लोभ) दोष से दूर ही रहेंगे ...। 'दूसरे लोग हिंसकचित्त होते रहे, हम तो अव्यापाद को ही अपने मन में रखेंगे'...। 'दूसरे मिथ्यादृष्टि हों तो होते रहे हम तो सम्यक्‌दृष्टि वाले ही रहेंगे'...। 'दूसरे मिथ्या-संकल्प वाले हो सकते हैं, परन्तु हम सम्यक्‌संकल्प की ही धारणा करेंगे'...। 'दूसरे मिथ्याभाषी हो सकते हैं, पर हम तो हमेशा सत्यभाषण का ही अभ्यास करेंगे'...। 'दूसरे मिथ्या कर्म वाले हो सकते हैं, परन्तु हम सम्यक् कर्मों की ही चेष्टा करेंगे'...। 'दूसरे गलत आजीविका वाले हो सकते हैं, पर हम अपनी आजी-विका शुद्ध ही रखेंगे'...। 'दूसरे मिथ्या चेष्टाओं वाले हो सकते हैं, परन्तु हम अपनी कायिक वाचिक, मानसिक चेष्टाओं को सही ही रखेंगे'...। 'दूसरे गलत स्मृति वाले हो सकते हैं, परन्तु हम तो अपनी सम्यक्स्मृति ही रखने का प्रयास करेंगे'...। 'दूसरे अयुक्तियुक्त समाधि वाले हो सकते हैं, परन्तु हम तो सम्यक्समाधि का ही अभ्यास करेंगे'...। 'दूसरे मिथ्याज्ञानी हो सकते हैं, परन्तु हम सम्यक्‌ज्ञान का ही सहारा लेंगे'...। 'दूसरे मिथ्याविमुक्ति का ढोंग कर सकते हैं, पर हम सम्यक् विमुक्त ही होंगे'—ऐसा सल्लेख करना चाहिये।

६. 'परे थीनमिद्धपरियुट्ठिता भविस्सन्ति, मयमेत्थ विगतथीनमिद्धा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे उद्धता भविस्सन्ति, मयमेत्थ अनुद्धता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे वेचिकिच्छी भविस्सन्ति, मयमेत्थ तिण्णविचिकिच्छा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।

परे कोधना भविस्सन्ति, मयमेत्थ अक्कोधना भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे उपनाही भविस्सन्ति, मयमेत्थ अनुपनाही भविस्सामा' ति [ R. 43, B. 52 ] सल्लेखो करणीयो। 'परे मक्खी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अमक्खी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे पळासी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अपळासी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे इस्सुकी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अनिस्सुकी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मच्छरी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अमच्छरी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे सठा भविस्सन्ति, मयमेत्थ असठा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मायावी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अमायावी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे थद्धा भविस्सन्ति, मयमेत्थ अत्थद्धा भविस्साम।' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे अतिमानी भविस्सन्ति, मयमेत्थ अनतिमानी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे दुब्बचा भविस्सन्ति, मयमेत्थ सुवचा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे पापमित्ता

---

६. दूसरे लोग आलसी बन सकते हैं, परन्तु हम तो निर्लस होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहेंगे'.....। 'दूसरे लोग उद्धत हो सकते हैं, परन्तु हम तो अनुद्धत (विनयी) रहेंगे'.......। 'दूसरे संशयालु हो सकते हैं, परन्तु हम तो निसंशय रहते हुए इस आर्य विनय का पालन करेंगे'...।

'दूसरे क्रोधी हो सकते हैं, परन्तु हम अक्रोधी ही रहेंगे'...। 'दूसरे पाखंडी हो सकते हैं, परन्तु हम पाखंडी नहीं होंगे'...। 'दूसरे म्रक्षी (मन में डाह रखने वाले) हो सकते हैं, परन्तु हम अम्रक्षी ही रहेंगे'...। 'दूसरे निष्ठुर हो सकते हैं, परन्तु हम निष्ठुर नहीं होंगे'...। 'दूसरे ईर्ष्यालु हो सकते हैं, परन्तु हम किसी से ईर्ष्या नहीं करेंगे'...। 'दूसरे अभिमानी हो सकते हैं, परन्तु हम यहाँ निरभिमान रहकर जीवन बितायेंगे'...। 'दूसरे धूर्त हो सकते है परन्तु हम धूर्तता नहीं करेंगे'...। 'दूसरे मायावी (ठग) हो सकते हैं, परन्तु हम माया (ठगी) से जीवन नहीं बितायेंगे'...। 'दूसरे जड़ हो सकते हैं, परन्तु हम जड़ नहीं होंगे'...। 'दूसरे अतिमानी हो सकते हैं परन्तु हम अतिमानी नहीं होंगे'...। 'दूसरे कड़वी बोली बोल सकते हैं, हम कड़वि बोली नहीं बोलेंगे'...। 'दूसरे पापमित्र हो सकते है, परन्तु हम १यह,कल्याणमित्र हि

भविस्सन्ति, मयमेत्थ कल्याणमित्ता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे पमत्ता भविस्सन्ति मयमेत्थ अप्पमत्ता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे अस्सद्धा भविस्सन्ति, मयमेत्थ सद्धा भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे अहिरिका भविस्सन्ति, मयमेत्थ हिरिमना भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे अनोत्तापी भविस्सन्ति, मयमेत्थ ओत्तापी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे अप्पस्सुता भविस्सन्ति, मयमेत्थ बहुस्सुता भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे कुसीता भविस्सन्ति, मयमेत्थ आरद्धविरिया भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे मुट्ठस्सती भविस्सन्ति, मयमेत्थ उपट्ठितस्सति भविस्सामा' [ N. 58 ] ति सल्लेखो करणीयो। 'परे दुप्पञ्ञा भविस्सन्ति, मयमेत्थ पञ्ञासम्पन्ना भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो। 'परे सन्दिट्ठिपरामासी आधानग्गाही दुप्पटिनिस्सग्गी भविस्सन्ति, मयमेत्थ असन्दिट्ठिपरामासी अनाधानग्गाही सुप्पटिनिस्सग्गी भविस्सामा' ति सल्लेखो करणीयो।

### ३. चित्तुप्पादपरियायो

७. "चित्तुप्पादं पि खो अहं, चुन्द, कुसलेसु धम्मेसु बहुकारं वदामि, को पन वादो कायेन वाचाय अनुविधीयमानेसु! तस्मातिह, चुन्द। 'परे विहिंसका भविस्सन्ति, मयमेत्थ अविहिंसका भविस्सामा' ति चित्तं

---

रहेंगे'....। 'दूसरे प्रमादी हो सकते हैं, परन्तु हम अप्रमत्त ही रहेंगे'...। 'दूसरे श्रद्धारहित हो सकते हैं, परन्तु हम श्रद्धालु ही रहेंगे'...। 'दूसरे निर्लज्ज हो सकते हैं, पर हम लज्जाशील ही रहेंगे'...। 'दूसरे उचित भय को भी न मानने वाले हो सकते हैं, परन्तु हम ऐसे नहीं होंगे'...। 'दूसरे अशिक्षित हो सकते हैं, परन्तु हम पूरी शिक्षा प्राप्त करेंगे'....। 'दूसरे लोग अनुत्साही हो सकते हैं, परन्तु हम उत्साहसंपन्न रहेंगे' ...। 'दूसरे मूढ़स्मृति हो सकते हैं, पर हम उपस्थितस्मृति ही रहेंगे'...। 'दूसरे लोग दुष्प्रज्ञ हो सकते हैं, परन्तु हम प्रज्ञासंपन्न ही रहेंगे'....। 'दूसरे प्रत्यक्षलाभ चाहने वाले, दिन रात व्यर्थ चिन्तन करने वाले, हठी, दुराग्रही हो सकते हैं, परन्तु हम इन दुर्गुणों से दूर रहकर जीवन बितायेंगे'—ऐसा सल्लेख (दृढ़ धारणा) करना चाहिये।

३. चित्तोत्पादपर्याय

७. चुन्द! अच्छी बातों (=धर्मों) में मन बनाना मैं हितकर समझता हूँ, फिर शरीर और वाणी के कार्यों के बारे में तो कहना ही क्या! इसलिये चुन्द! 'दूसरे हिंसक होंगे, पर हम अहिंसक ही रहेंगे'—ऐसा मन बनाना चाहिये। 'दूसरे

उप्पादेतब्बं । 'परे पाणातिपाती भविस्सन्ति, मयमेत्थ पाणातिपाता [ B. 53 ] पटिविरता भविस्सामा' ति चित्तं उप्पादेतब्बं, ···पे०··· 'परे सन्दिट्ठिपरामासी आधानग्गाही दुप्पटिनिस्सग्गी भविस्सन्ति, मयमेत्थ असन्दिट्ठिपरामासी अनाधानग्गाही सुप्पटिनिस्सग्गी भविस्सामा' ति चित्तं उप्पादेतब्बं ।

### ४. परिक्कमनपरियायो

८. "सेय्यथापि, चुन्द, विसमो मग्गो अस्स, तस्स अञ्ञो समो परिक्कमनाय; सेय्यथा वा पन, चुन्द, विसमं तित्थं अस्स तस्स अञ्ञं [ R. 44 ] समं तित्थं परिक्कमनाय; एवमेव खो, चुन्द, विहिंसकस्स पुरिसपुग्गलस्स अविहिंसा होति परिक्कमनाय, पाणातिपातिस्य पुरिसपुग्गलस्स पाणातिपाता वेरमणी होति परिक्कमनाय, अदिन्नादायिस्स पुरिसपुग्गलस्स अदिन्नादाना वेरमणी होति परिक्कमनाय, अब्रह्मचारिस्स पुरिसपुग्गलस्स ब्रह्मचरियं परिक्कमनाय, मुसावादिस्स पुरिसपुग्गलस्स मुसावादा वेरमणी होति परिक्कमनाय, पिसुणवाचस्स पुरिसपुग्गलस्स पिसुणाय वाचाय वेरमणी होति परिक्कमनाय, फरुसवाचस्स [N 59] पुरिसपुग्गलस्स फरुसाय वाचाय वेरमणी होति परिक्कमनाय, सम्फप्पलापिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्फप्पलापा वेरमणी होति परिक्कमनाय,

---

प्राणातिपाती हों, पर हम प्राणातिपाती नहीं होंगे—ऐसा मन बनाना चाहिये ।
·· पूर्ववत्···। दूसरे ऐहिकलाभ के इच्छुक, दिन-रात तरह तरह की चिन्ता में पड़े रहने वाले, हठी, दुराग्रही हो सकते हैं, पर हम इन सब दुर्गुणों से दूर रहेंगे'—ऐसा मन बनाना चाहिये ।

### ४. परिक्रमण ( मार्ग ) पर्याय

८ चुन्द ! जैसे कोई विषम (कठिन) मार्ग है, और उससे फेर खानेकी बजाय (परिक्रमण) के लिये कोई दूसरा सम मार्ग हो; वैसे ही चुन्द ! विषम घाट को छोड़कर नदी में नाव के लिए कोई सीधा घाट हो; इसी प्रकार चुन्द ! अविहिंसा सही मार्ग पर जाने के लिये विहिंसक पुरुष को काम देती है। प्राणातिपात से दूर रहना, प्राणातिपाति पुरुष को सही मार्ग पर जाने के लिए काम देता है; चोरी से दूर रहना, चोरों को सही·····; व्यभिचारी पुरुष को ब्रह्मचर्य सही··· ; असत्यभाषण से दूर रहना 'मिथ्याभाषी को सही···; चुगलखोरी से दूर रहना, चुगलखोर आदमी को सही···; कर्कशभाषण से दूर रहना, 'कर्कशभाषी को सही·····; बकवाद से दूर रहना, बकवादी पुरुष को सही·····; अनभिध्या ( अलोभ ) अभिध्यालु पुरुष

अभिज्झालुस्स पुरिसपुग्गलस्स अनभिज्झा होति परिक्कमनाय, ब्यापन्न-चित्तस्स पुरिसपुग्गलस्स अब्यापादो होति परिक्कमनाय, मिच्छादिट्ठिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मादिट्ठि होति परिक्कमनाय, मिच्छासङ्कप्पस्स पुरिस-पुग्गलस्स सम्मासङ्कप्पो होति परिक्कमनाय, मिच्छावाचस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मावाचा होति परिक्कमनाय, मिच्छाकम्मन्तस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्माकम्मन्तो होति परिक्कमनाय, मिच्छाआजीवस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्माआजीवो होति परिक्कमनाय, मिच्छावायामस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मावायामो होति परिक्कमनाय, मिच्छासतिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मासति होति परिक्कमनाय, मिच्छासमाधिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मासमाधि होति परिक्कमनाय, मिच्छाञाणिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्माञाणं होति परिक्कमनाय, मिच्छाविमुत्तिस्स पुरिसपुग्गलस्स सम्मा-विमुत्ति होति परिक्कमनाय ।

९. थीनमिद्धपरियुट्ठितस्स पुरिसपुग्गलस्स विगतथीनमिद्धता होति परिक्कमनाय, उद्धतस्स पुरिसपुग्गलस्स अनुद्धच्चं होति परिक्कमनाय, वेचिकिच्छिस्स पुरिसपुग्गलस्स तिण्णविचिकिच्छता होति परिक्कमनाय, कोधनस्स पुरिसपुग्गलस्स अक्कोधो होति परिक्कमनाय, [B. 54] उपनाहिस्स पुरिसपुग्गलस्स अनुपनाहो होति परिक्कमनाय मक्खिस्स पुरिसपुग्गलस्स अमक्खो होति परिक्कमनाय, पळासिस्स पुरिसपुग्गलस्स अपळासो होति परिक्कमनाय, इस्सुकिस्स पुरिसपुग्गलस्स अनिस्सुकिता होति परिक्कमनाय, मच्छरिस्स पुरिसपुग्गलस्स अमच्छरियं होति

---

को सही…; अव्यापाद (हिंसा) हिंसक चित पुरुष को सही…; सम्यग्दृष्टि मिथ्या-दृष्टि पुरुष को सही…; सम्यक्संकल्प मिथ्यासंकल्प को सही…सम्यग्वाक् मिथ्या-वाक् को सही…; सम्यक्कर्मान्त मिथ्याकर्मान्त को सही…; सम्यगाजीव मिथ्या-आजीव को सही…; सम्यक् व्यायाम मिथ्या-व्यायाम को सही…; सम्यक्स्मृति मिथ्यास्मृति को सही…; सम्यक्समाधि मिथ्या-समाधि को सही…; सम्यग्ज्ञान मिथ्याज्ञानी को सही…; सम्यक्विमुक्ति मिथ्याविमुक्तियुक्त पुरुष को सही मार्ग पर जाने के लिए काम देती है ।

९. स्त्यानमृद्ध ( आलस्य ) युक्त पुरुष को स्त्यानमृद्ध से राहित्य ही सही…; उद्धत पुरुष को अनौद्धत्य ही सही…; संशयालु पुरुष को संशयरहितता ही सही…; क्रोधी पुरुष को क्रोधरहितता ही सही…; उपनाही पुरुष को अनुपनाह ( पाखण्ड ) ही सही…; म्रक्षी पुरुष को अम्रक्ष ( निष्पाप ) ही सही…; निष्ठुर पुरुष को अनिष्ठुरता ही सही…; ईर्ष्यालु पुरुष को अनीर्ष्या गुण ही सही…;

परिक्कमनाय, सठस्स पुरिसपुग्गलस्स असाठेय्यं होति परिक्कमनाय, मायाविस्स पुरिसपुग्गलस्स अमाया होति परिक्कमनाय, थद्धस्स पुरिसपुग्गलस्स अत्थद्धियं होति परिक्कमनाय, अतिमानिस्स पुरिसपुग्गलस्स अनतिमानो होति परिक्कमनाय, दुब्बचस्स पुरिसपुग्गलस्स सोवचस्सता होति परिक्कमनाय, पापमित्तस्स पुरिसपुग्गलस्स कल्याणमित्तता होति परिक्कमनाय, पमत्तस्स पुरिसपुग्गलस्स अप्पमादो होति परिक्कमनाय, अस्सद्धस्स पुरिसपुग्गलस्स सद्धा होति परिक्कमनाय, अहिरिकस्स पुरिस- [N. 60] पुग्गलस्स हिरी होति परिक्कमनाय, अनोत्ताविस्स पुरिसपुग्गलस्स ओत्तप्पं होति परिक्कमनाय, अप्पस्सुतस्स पुरिसपुग्गलस्स बाहुसच्चं[1] होति परिक्कमनाय, कुसीतस्स पुरिसपुग्गलस्स विरियारम्भो होति परिक्कमनाय, मुट्ठस्सतिस्स पुरिसपुग्गलस्स उपट्ठितस्सतिता होति परिक्कमनाय, दुप्पञ्ञस्स पुरिसपुग्गलस्स पञ्ञासम्पदा होति परिक्कमनाय, सन्दिट्ठिपरामासि-आधानग्गाहि-दुप्पटिनिस्सग्गिस्स पुरिसपुग्गलस्स असन्दिट्ठिपरामासि-अनाधानग्गाहि-सुप्पटिनिस्सग्गिता होति परिक्कमनाय।

## ५. उपरिभावपरियायो

१०. "सेय्यथापि, चुन्द, ये केचि अकुसला धम्मा सब्बे ते अधोभावङ्ग-

---

अभिमानी पुरुष को मात्सर्य राहित्य ही सही…; शठ (धूर्त) पुरुष को अशठता ही सही…; मायावी पुरुष को मायारहितता ही सही…; जड़ पुरुष को उसके विपरीत अजड़ता ही सही…; अतिमानी पुरुष को अनतिमान ही सही…; कटुभाषी पुरुष को मृदुभाषिता ही सही…; पापी साथियों का साथ करने वाले को कल्याणमित्रता ही सही…; प्रमादी पुरुष को अप्रमाद ही सही…; अश्रद्धालु पुरुष को श्रद्धा ही सही…; निर्लज्ज को लज्जा ही सही…; उचित भय को भी न मानने वाले को उचित भय ही सही…; मूर्ख (अल्पश्रुत) को विपुल शिक्षा ही सही…; अनुत्साही को उत्साह ही सही…; मूढ स्मृति पुरुष को स्मृतिसम्पन्नता ही सही…; दुष्प्रज्ञ पुरुष को प्रज्ञासम्पन्नता ही सही…; प्रत्यक्ष का ही लाभ चाहने वाले, दिन रात व्यर्थ चिन्तन करने वाले हठी, दुराग्रही पुरुष को असान्दृष्टिकता, अपरामर्षिता, या अनाधानग्राहिता और सुप्रतिनिसर्गिता ही सही मार्ग के रूप में लक्ष्य पर जाने के लिये काम देती है।

५. उपरिभावपर्याय

१०. चुन्द! जैसे जो भी कोई अकुशल (पाप) धर्म हैं, वे सब अधोगति की

---

१. 'बाहुसुच्चं'ति उचितो पाठो।

मनीया, ये केचि कुसला धम्मा सब्बे ते उपरिभावङ्गमनीया। एवमेव खो, चुन्द, विहिंसकस्स पुरिसपुग्गलस्स अविहिंसा होति उपरिभावाय, पाणातिपातिस्स पुरिसपुग्गलस्स पाणातिपाता वेरमणी होति उपरिभावाय, ···पे०····सन्दिट्ठिपरामासि-आधानग्गाहि-दुप्पटिनिस्सग्गिस्स पुरिसपुग्गलस्स असन्दिट्ठिपरामासि-अनाधानग्गाहि-सुप्पटिनिस्सग्गिता होति [R. 45] उपरिभावाय।

## ६. परिनिब्बानपरियायो

११ "सो वत, चुन्द, अत्तना पलिपपलिपन्नो परं पलिपपलिपन्नं उद्धरिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति। 'सो वत, चुन्द, अत्तना अपलिपपलिपन्नो परं पलिपपलिपन्नं उद्धरिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति। [B 55] 'सो वत, चुन्द, अत्तना अदन्तो अविनीतो अपरिनिब्बुतो पर दमेस्सति विनेस्सति परिनिब्बापेस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति। 'सो वत, चुन्द, अत्तना दन्तो विनीतो परिनिब्बुतो परं दमेस्सति विनेस्सति परिनिब्बापेस्सती' ति ठानमेतं विज्जति। एवमेव खो, चुन्द, विहिंसकस्स पुरिसपुग्गलस्स अविहिंसा होति परिनिब्बानाय, पाणातिपातिस्स पुरिसपुग्गलस्स पाणातिपाता वेरमणी होति परिनिब्बानाय, अदिन्नादायिस्स [N. 61]

---

ओर ही ले जाने वाले हैं और जो कुशल (पुण्य) धर्म हैं वे सद्गति की ओर ले जाने वाले होते हैं; उसी तरह, चुन्द! अहिंसा हिंसक पुरुष को ऊपर (सद्गति) की ओर ले जाने वाली होती है; प्राणातिपात से दूर रहना प्राणातिपाती को ऊपर,·· पूर्ववत्···सान्दृष्टिक परामर्शी पुरुष को, आधानग्राही पुरुष को और दुष्प्रतिनिसर्गी पुरुष को अन्दृष्टि, परामर्शिता, अनाधानग्राहिता और सुप्रतिनिसर्गता ही ऊपर की ओर ले जाने वाली होती है।

### ६. परिनिर्वाणपर्याय

११. जैसे चुन्द! जो स्वयं पतित और गया गुजरा पापी है यह सम्भव नहीं है कि वह किसी दूसरे का उद्धार कर पायेगा। परन्तु चुन्द! जो स्वयं पतित नहीं है, वह दूसरे पतितों का, गये गुजरे पापियों का उद्धार कर सकेगा—यह सम्भव है। चुन्द! जो स्वयं इन्द्रियनिग्रह से रहित है, अविनीत है, परिनिर्वाण को प्राप्त नहीं हुआ है वह दूसरों को निग्रह या विनय सिखायेगा, परिनिर्वाण की ओर ले जायगा—यह सम्भव नहीं है। हाँ, जो स्वयं इन्द्रिय-निग्रही है····परिनिर्वाण की ओर ले जायगा—यह सम्भव है। इसी तरह, चुन्द, हिंसक पुरुष के लिये अविहिंसा परिनिर्वाण की ओर ले जाने वाली होती है। प्राणातिपाती पुरुष के लिये प्राणातिपात से दूर रहना परिनिर्वाण की ओर ले जाने वाला होता है। अदत्ता-

···पे०···सन्दिट्ठिपरामासि आधानग्गाहि-दुप्पटिनिस्सग्गिस्स पुरिसपुग्गलस्स [B. 56, R. 46] असन्दिट्ठिपरामासि-अनाधानग्गाहि-सुप्पटिनिस्सग्गिता होति परिनिब्बानाय।

१२. "इति खो, चुन्द, १. देसितो मया सल्लेखपरियायो, २ देसितो चित्तुप्पादपरियायो, ३ देसितो परिक्कमनपरियायो, ४. देसितो उपरिभाव-परियायो, ५ देसितो परिनिब्बानपरियायो। यं खो, चुन्द, सत्थारा करणीयं सावकानं हितेसिना अनुकम्पकेन अनुकम्पं उपादाय, कतं वो तं मया। 'एतानि, चुन्द, रुक्खमूलानि, एतानि सुञ्ञागारानि, झायथ, चुन्द मा पमादत्थ, मा पच्छाविप्पटिसारिनो अहुवत्थ' –अयं खो अम्हाकं अनुसासनी" ति।

१३. इदमवोच भगवा। अत्तमनो आयस्मा महाचुन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दी ति॥

चतुत्तालीसपदा वुत्ता सन्धयो पञ्च देसिता।
सल्लेखो नाम सुत्तन्तो गम्भीरो सागरूपमो ति॥

---

दानी पुरुष को अदत्तादान से दूर रहना परिनिर्वाण की ओर ले जाने वाला होता है···पूर्ववत्···सुप्रतिनिसर्गता परिनिर्वाण की ओर ले जाने वाली होती है।

१२. इस तरह, चुन्द, मैंने इस सल्लेख ( शुभ कर्मों के प्रति दृढ़ धारणा ) का विस्तार (५ प्रकार) से उपदेश कर दिया। चित्त को शुभ कर्मों की ओर प्रवृत्त करने का मार्ग वर्णन कर दिया, सद्गति-प्राप्ति का भी उपाय बता दिया। और उल्टे (विषम) रास्ते पर न जा कर सरल (सम) मार्ग पकड़ने का भी उपदेश कर दिया।

चुन्द ! श्रावकों ( शिष्यों ) के हितैषी, अनुकम्पक शास्ता को अनुकम्पा करके जो करना चाहिये, वह तुम्हारे लिये मैंने कर दिया। 'चुन्द ! ये छायादार वृक्षों के मूल, ये शून्यागार, किस लिये है ये सब तुम्हारे लिये है। तुम इनका उपयोग करो। इनमें रह कर ध्यान लगाओ। चुन्द ! जीवन में प्रमाद न करना, न ऐसा कार्य करना, जिससे बाद में पछताना पड़े'—यही तुम्हारे लिये हमारा उपदेश है।

१३. भगवान् ने यह अमृतवाणी कही। इससे सन्तुष्ट होकर आयुष्मान् चुन्द ने भगवान् के कहे हुए का अनुमोदन किया।

चवालीस पदों तथा पाँच शीर्षकों (सन्धि) से निबद्ध यह सल्लेखसूत्र सागर के समान गम्भीर है।

सल्लेखसुत्त समाप्त॥

# ९. सम्मादिट्ठिसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति [N.62, B. 57] जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू आमन्तेसि—"आवुसो भिक्खवो" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स पच्चस्सोसुं।

## १. कित्तावता सम्मादिट्ठि होति

आयस्मा सारिपुत्तो एतदवोच—

"सम्मादिट्ठि सम्मादिट्ठी' ति, आवुसो, वुच्चति। कित्तावता नु खो, आवुसो, अरियसावको सम्मादिट्ठि होति, उजुगतास्स दिट्ठि, धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो, आगतो इमं सद्धम्मं" ति?

"दूरतो पि खो मयं, आवुसो, आगच्छेय्याम आयस्मतो सारिपुत्तस्स सन्तिके एतस्स भासितस्स अत्थमञ्ञातुं। साधु वतायस्मन्तं येव सारिपुत्तं पटिभातु एतस्स भासितस्स अत्थो। आयस्मतो सारिपुत्तस्स सुत्वा भिक्खू धारेस्सन्ती" ति।

"तेन हि, आवुसो, सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ, भासिस्सामी" ति।

---

# ९. सम्यग्दृष्टिसूत्र

## १. सम्यग्दृष्टि कैसे होता है?

१. ऐसा मैंने सुना है—एक समय भगवान् श्रावस्ती के अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा बनवाये जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। वहाँ आयुष्मान् शारिपुत्र ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया—'आयुष्मान् भिक्षुओ!'। भिक्षुओं ने भी आयुष्मान् शारिपुत्र को 'हाँ आयुष्मन्' यों कह कर उत्तर दिया। आयुष्मान् शारिपुत्र ने यों पूछा—"आप लोग प्रसङ्ग आने पर 'सम्यग्दृष्टि', 'सम्यग्दृष्टि'—ऐसा बोलते रहते हैं; आयुष्मानो! कैसे आर्यश्रावक 'सम्यग्दृष्टि' (सम्यक्सिद्धान्तज्ञ) होता है? उसकी दृष्टि कैसे सरल होती है? कैसे वह (बुद्धोपदिष्ट)धर्म में अत्यन्त श्रद्धावान् होता है, और कैसे वह इस धर्म को प्राप्त कर लेता है?"

'आयुष्मान्! आप के इस कहे का अर्थ जानने के लिये ही हम इतनी दूर से आप शारिपुत्र के पास आये हैं। अच्छा हो, आयुष्मान् शारिपुत्र ही इस वचन का (विस्तार से) अर्थ बतावें। हम आयुष्मान् शारिपुत्र के श्रीमुख से उक्त भाषित अर्थ यथातथ रूपसे स्वीकार करेंगे।'

"तो सुनो आवुसो! मैं इस प्रसङ्ग को विस्तार से कह रहा हूँ। आप लोग इसे सुनकर सम्यक्तया मन में धारण करें।"

"एवमावुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स पच्च-स्सोसुं।

## २. यतो कम्मं च कम्ममूलं च पजानाति

२. आयस्मा सारिपुत्तो एतदवोच—"यतो खो, आवुसो, अरियसावको, अकुसलं च पजानाति, अकुसलमूलं च पजानाति, कुसलं च पजानाति, [R. 47] कुसलमूलं च पजानाति—एत्तावता पि खो, आवुसो, अरिय-सावको सम्मादिट्ठि होति, उजुगतास्स दिट्ठि, धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्ना-गतो, आगतो इमं सद्धमं।

[N. 63] "कतमं पनावुसो, अकुसलं, कतमं अकुसलमूलं? कतमं कुसलं, कतमं कुसलमूलं? पाणातिपातो खो, आवुसो, अकुसलं, अदिन्नादानं अकु-सलं, कामेसुमिच्छाचारो अकुसलं, मुसावादो अकुसलं, पिसुणा वाचा अकु-सलं, फरुसा वाचा अकुसलं, सम्फप्पलापो अकुसलं, अभिज्झा अकुसलं, ब्यापादो अकुसलं, मिच्छादिट्ठि अकुसलं—इदं वुच्चतावुसो अकुसलं। कतमं चावुसो, अकुसलमूलं? लोभो अकुसलमूलं, दोसो अकुसलमूलं, मोहो अकु-सलमूलं—इदं वुच्चतावुसो, अकुसलमूलं।

---

यही ठीक है आयुष्मन्'—यह कहकर भिक्षुओं ने आयुष्मान् शारिपुत्र को उत्तर दिया।

### २. क्योंकि वह कर्म और कर्ममूल को जानता है

२. आयुष्मान् शारिपुत्र यों बोले—"क्योंकि वह आर्यश्रावक अकुशल (बुराई) को ठीक से जानता है, अकुशलमूल (बुराई की जड़) को ठीक से जानता है, इसी तरह कुशल (भलाई) और कुशलमूल को ठीक से जानता है, इतने से भी आवुसो, वह आर्यश्रावक 'सम्यग्दृष्टि' होता है। उसकी दृष्टि (सरल) हो जाती है, वह धर्म में अत्यन्त श्रद्धावान् होकर अन्त में इस सद्धर्म का साक्षात्कार कर ही लेता है।

"आवुसो! क्या है अकुशल, और क्या है अकुशलमूल? इसी तरह कुशल क्या है, और क्या है कुशलमूल? आवुसो! प्राणातिपात (परहिंसा) अकुशल है, अदत्तादान (चोरी) अकुशल है, काम (स्त्रीसंसर्ग) में मिथ्याचार (दुराचार)....., मृषावाद (झूठ बोलना)...., दूसरे की चुगली करना...., बकवाद करना...., कठोर वचन बोलना...., अभिध्या (लालच)....., व्यापाद (प्रतिहिंसा)...., और मिथ्यादृष्टि (गलत धारणा) अकुशल है। आवुसो! यह 'अकुशल' कहा जाता है। और 'अकुशलमूल' क्या है? लोभ अकुशलमूल है, द्वेष...., और मोह अकुशलमूल है। आवुसो! यह अकुशलमूल कहा जाता है।

"कतमं चावुसो, कुसलं? पाणातिपाता वेरमणी कुसलं [ B. 58 ] अदिन्नादाना वेरमणी कुसलं, कामेसु मिच्छाचारा वेरमणी कुसलं, मुसावादा वेरमणी कुसलं, पिसुणाय वाचाय वेरमणी कुसलं, फरुसाय वाचाय वेरमणी कुसलं, सम्फप्पलापा वेरमणी कुसलं, अनभिज्झा कुसलं अब्यापादो कुसलं, सम्मादिट्ठि कुसलं - इदं वुच्चतावुसो, कुसलं। कतमं चावुसो, कुसलमूलं? अलोभो कुसलमूलं, अदोसो कुसलमूलं, अमोहो कुसलमूलं—इदं वुच्चतावुसो, कुसलमूलं।

"यतो खो, आवुसो, अरियसावको एवं अकुसलं पजानाति, एवं अकुसलमूलं पजानाति, एवं कुसलं पजानाति, एवं कुसलमूलं पजानाति, सो सब्बसो रागानुसयं पहाय, पटिघानुसयं पटिविनोदेत्वा, 'अस्मी' ति दिट्ठि-मानानुसयं समूहनित्वा, अविज्जं पहाय विज्जं उप्पादेत्वा, दिट्ठेव धम्मे दुक्खस्सन्तकरो होति—एत्तावता पि खो, आवुसो, अरियसावको सम्मादिट्ठि होति, उजुगतास्स दिट्ठि, धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो, आगतो इमं सद्धमं" ति।

३. "साधावुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा आयस्मन्तं सारिपुत्तं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छुं— "सिया पनावुसो, अञ्ञो पि परियायो यथा अरियसावको समादिट्ठि होति,

---

आवुसो! कुशल क्या है? प्राणातिपात से विरत रहना कुशल है, अदत्तादान से विरत रहना ···, कामों में मिथ्याचार से विरत रहना···, मृषावाद से विर रहना···, चुगलखोरी से विरत रहना···, कठोर वचन बोलने से विरत रहना··· बकवाद से दूर रहना···, लालच से दूर रहना···; प्रतिहिंसा से दूर रहना···, और सम्यग्दृष्टि कुशल है। आवुसो! ये सब धर्म 'कुशल' कहे जाते हैं। आवुसो! कुशलमूल क्या है? अलोभ, अद्वेष, अमोह—ये आवुसो, कुशलमूल कहलाते हैं।

आवुसो! जब आर्यश्रावक यों (उपर्युक्त) अकुशल एवं अकुशलमूल को जानता है; और कुशल एवं कुशलमूल को, जानता है, वह रागानुशय (रागकाल) का, प्रतिघ (द्वेष, प्रतिहिंसा) अनुशय का, 'मैं हूँ'—इस धारणा के अभिमानरूपी अनुशय का सर्वथा उन्मूलन कर, अविद्या को नष्ट कर, विद्या को उत्पन्न कर, इसी जन्म में दुःखों का प्रहाणकारक होता है। इतने से भी आयुष्मानो! वह आर्य श्रावक सम्यग्दृष्टि कहलाता है··· ।"

३. "ठीक है आयुष्मन्"—यह कह कर उन भिक्षुओं ने आयुष्मान् शारिपुत्र के कहे का अभिनन्दन कर आयुष्मान् शारिपुत्र से फिर दूसरा प्रश्न किया—क्या

उजुगतास्स दिट्ठि, धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो, आगतो इमं सद्धम्मं" ति ?

### ३. यतो आहारसमुदयनिरोधं पजानाति

४. "सिया, आवुसो। यतो खो, आवुसो, अरियसावको आहारं च
[ N. 64 ] पजानाति, आहारसमुदयं च पजानाति, आहारनिरोधं च
पजानाति, आहारनिरोधगामिनिं पटिपदं च पजानाति—एत्तावता पि खो,
आवुसो, अरियसावको सम्मादिट्ठि होति, उजुगतास्स दिट्ठि, धम्मे अवेच्चप्प-
[ R. 48 ] सादेन समन्नागतो, आगतो इमं सद्धम्मं।

"कतमो पनावुसो, आहारो, कतमो आहारसमुदयो, कतमो आहार-
निरोधो, कतमा आहारनिरोधगामिनी पटिपदा ? चत्तारोमे आवुसो,
आहारा भूतानं वा सत्तानं ठितिया, सम्भवेसीनं वा अनुग्गहाय। कतमे
[ B. 59 ] चत्तारो ? कबळीकारो आहारो ओळारिको वा सुखुमो वा,
फस्सो दुतियो, मनोसञ्चेतना ततिया, विञ्ञाणं चतुत्थं। तण्हासमुदया
आहारसमुदयो, तण्हानिरोधा आहारनिरोधो, अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको
मग्गो आहारनिरोधगामिनी पटिपदा, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो,
सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति,
सम्मासमाधि।

---

आयुष्मन् ! और भी कोई प्रकार (पर्याय) है जिससे कि वह आर्यश्रावक सम्यग्दृष्टि होता है …?

### ३. क्योंकि यह आहारसमुदयनिरोध को जानता है

४. "हे आवुसो। जब कोई आर्यश्रावक, आहार को और आहार की उत्पत्ति को, आहार के निरोध को, तथा आहार के विनाश की ओर ले जाने वाले मार्ग को जानता है, इतने से भी वह आर्यश्रावक सम्यग्दृष्टि कहलाता है…।"

६. जैसे सारगवेषी ( तत्त्व का चाहने वाला ) कोई पुरुष सार खोजता हुआ किसी बड़े वृक्ष के पास जाकर, उस के स्कन्ध और मूल की उपेक्षा कर उसकी शाखाओं या पत्तों में सार खोजे तो यह उसकी मूर्खता ही कही जायगी; इसी तरह आप लोग भगवान् के सामने रहते, उनको छोड़कर हम में से कौन उनके उपदेश का अधिक विस्तार कर सकेगा, क्योंकि वे भगवान् सभी कुछ ज्ञातव्य को जानते हैं, द्रष्टव्य को देख सकते हैं चक्षुष्मान् ( समझदार ) हैं, ज्ञानवान् हैं, धर्मस्वरूप हैं, अच्छे वक्ता हैं, सन्मार्ग में लगाने वाले हैं, अर्थको अन्त तक समझाने वाले हैं, अमृत के दाता हैं, धर्म के अधिष्ठाता है। यह ज्यादा अच्छा रहता कि आप लोग

"अद्धावुसो कच्चान, भगवा जानं जानाति···पे०···यथा नो भगवा ब्याकरेय्य तथा नं धारेय्याम। अपि चायस्मा महाकच्चानो सत्थु चेव संवण्णितो···पे०···वित्थारेन अत्थं विभजितुं। विभजतायस्मा महा- [B. 158] कच्चानो अगरुं कत्वा" ति।

"तेन हावुसो, सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति। "एवमावुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महाकच्चानस्स पच्चस्सोसुं।

### ३. महाकच्चानस्स वित्थारदेसना

आयस्मा महाकच्चानो एतदवोच—

७. "यं खो नो, आवुसो, भगवा सङ्खित्तेन उद्देसं उद्दिसित्वा वित्थारेन अत्थं अविभजित्वा उट्ठायासना विहारं पविट्ठो—'यतोनिदानं, भिक्खु, पुरिसं पपञ्चसञ्ञासङ्खा समुदाचरन्ति एत्थ चे नत्थि अभिनन्दितब्बं अभिवदितब्बं अज्झोसितब्बं एसेवन्तो रागानुसयानं···पे०····एत्थेते पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ती' ति, इमस्स खो अहं, आवुसो, भगवता सङ्खित्तेन उद्देसस्स उद्दिट्ठस्स वित्थारेन अत्थं अविभत्तस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामि—

"चक्खुं चावुसो, पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं, तिण्णं

---

भगवान् से ही इसका अर्थ (तत्त्व) पूछते। वे जैसा कहते उसे आप लोग स्वीकार कर लेते। "हाँ आयुष्मान्! बात तो यही ठीक थी, क्योंकि वे ही ज्ञातव्य को जानते हैं···वे जो कहते उसे ही हमें स्वीकार करना चाहिये था।"

"तो आयुष्मानो! सुनो, (मेरी बात पर) ठीक से ध्यान लगाओ! मैं बताता हूँ।" "अच्छा आयुष्मन्"—भिक्षुओं ने कहा।

### ३. महाकात्यायन की विस्तारदेशना

आयुष्मान् महाकात्यायन ने यह कहा—

७. आयुष्मानो! भगवान् ने आप लोगों को अभी जो संक्षिप्त उपदेश किया था कि "जिस कारण····अकुशल धर्म निरुद्ध हो जाते हैं"—इस संक्षिप्त अर्थ का विस्तृत रूप मैं यों समझता हूँ—

"आयुष्मानो! चक्षुरिन्द्रिय की अपेक्षा करके रूप में चक्षुर्विज्ञान उत्पन्न होता

[ R. 112 ] सङ्गति फस्सो, फस्सपच्चया वेदना, यं वेदेति तं सञ्जानाति, यं सञ्जानाति तं वितक्केति, यं वितक्केति तं पपञ्चेति, यं पपञ्चेति ततोनिदानं पुरिसं पपञ्चसञ्ञासङ्खा समुदाचरन्ति अतीतानागतपच्चुप्पन्नेसु चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु। सोतं चावुसो, पटिच्च सद्दे च उप्पज्जति सोतविञ्ञाणं…पे०…घानं चावुसो, पटिच्च गन्धे च उप्पज्जति घानविञ्ञाणं…पे०…जिव्हं चावुसो, पटिच्च रसे च उप्पज्जति जिव्हाविञ्ञाणं…पे०…कायं चावुसो, पटिच्च फोट्ठब्बे च उप्पज्जति कायविञ्ञाणं…पे०…मनं चावुसो, पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं, तिण्णं सङ्गति फस्सो, फस्सपच्चया वेदना, यं वेदेति तं सञ्जानाति, यं सञ्जानाति तं वितक्केति, यं वितक्केति तं पपञ्चेति, यं पपञ्चेति ततोनिदानं [N. 150] पुरिसं पपञ्चसञ्ञासङ्खा समुदाचरन्ति अतीतानागतपच्चुप्पन्नेसु मनोविञ्ञेय्येसु धम्मेसु।

८. "सो चावुसो, चक्खुस्मिं सति रूपे सति चक्खुविञ्ञाणे सति फस्सपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। फस्सपञ्ञत्तिया सति वेदनापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। वेदनापञ्ञत्तिया सति सञ्ञापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। सञ्ञा-[ B. 159 ] पञ्ञत्तिया सति वितक्कपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठान-

---

है। इन तीनों चक्षु, रूप और चक्षुर्विज्ञान का समागम 'स्पर्श' कहलाता है। स्पर्श की अपेक्षा से 'वेदना' होती है। जिसका अनुभव करता है उसका संज्ञान (समझना) करता है, जिसे समझता है। उसके विषय में वितर्क करता है। जिसको वितर्कित करता है उस को प्रपंचित ( विस्तृत ) करता है। इसके कारण पुरुष को भूत-भविष्य, वर्तमान सम्बन्धी चक्षुर्विज्ञेय रूपों में प्रपञ्चसंज्ञा का संख्यान होता है। आयुष्मानो! इसी तरह श्रोत्रेन्द्रिय की अपेक्षा करके शब्द में श्रोत्रविज्ञान उत्पन्न होता है…। घ्राणेन्द्रिय की अपेक्षा करके गन्ध में घ्राणविज्ञान उत्पन्न होता है…। जिह्वा की अपेक्षा करके रस में जिह्वाविज्ञान उत्पन्न होता है…। काय की अपेक्षा करके स्प्रष्टव्य में कायविज्ञान उत्पन्न होता है…। मन की अपेक्षा करके धर्मों में मनोविज्ञान उत्पन्न होता है। इन तीनों…।

८. यदि आयुष्मानो! चक्षु है, रूप है, चक्षुर्विज्ञान है तो उसी समय स्पर्श का प्रज्ञापन ( जानना ) सम्भव है। स्पर्शज्ञान होने पर वेदना का ज्ञान सम्भव है। वेदनाज्ञान से संज्ञा का प्रज्ञापन सम्भव है। संज्ञा के प्रज्ञापन से वितर्कज्ञान सम्भव

मेतं विज्जति। वितक्कपञ्ञत्तिया सति पपञ्चसञ्ञासङ्खासमुदाचरण-पञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। सो वतावुसो, सोतस्मिं सति सद्दे सति ··· पे० ··· घानस्मिं सति गन्धे सति ··· पे० ··· जिव्हाय सति रसे सति ··· पे० ··· कायस्मिं सति फोट्ठब्बे सति ··· पे० ··· मनस्मिं सति धम्मे सति मनोविञ्ञाणे सति फस्सपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। फस्सपञ्ञत्तिया सति वेदनापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। वेदनापञ्ञत्तिया सति सञ्ञापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। सञ्ञापञ्ञत्तिया सति वितक्कपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति। वितक्कपञ्ञत्तिया सति पपञ्चसञ्ञासङ्खासमुदाचरणपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—ठानमेतं विज्जति।

९. "सो वतावुसो, चक्खुस्मिं असति रूपे असति चक्खुविञ्ञाणे असति फस्सपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति। फस्सपञ्ञत्तिया असति वेदनापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति। वेदनापञ्ञत्तिया असति सञ्ञापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति। सञ्ञापञ्ञत्तिया असति वितक्कपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति। वितक्कपञ्ञत्तिया असति पपञ्चसञ्ञासङ्खासमुदाचरणपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति। सो वतावुसो, सोतस्मिं असति सद्दे असति ··· पे० ··· घानस्मिं असति गन्धे असति ··· पे० ··· जिव्हाय असति रसे असति ··· पे० ··· कायस्मिं असति फोट्ठब्बे असति ··· पे० ··· मनस्मिं असति धम्मे असति मनोविञ्ञाणे

---

है। वितर्क का प्रज्ञापन होने पर व्यवहार में जगत्प्रपंच का प्रज्ञापन हो—यह सम्भव है। इसी तरह आयुष्मानो! श्रोत्र के होने पर; शब्द के होने पर श्रोत्र-विज्ञान···। घ्राणेन्द्रिय के होने पर, गन्ध के होने पर घ्राणविज्ञान···। जिह्वा के होने पर, रस के होने पर जिह्वाविज्ञान···। काय के होने पर; स्पष्टव्य के होने पर कायविज्ञान···। मन के होने पर, धर्म के होने पर मनोविज्ञान के होने पर स्पर्श का प्रज्ञापन सम्भव है। स्पर्शप्रज्ञप्ति से वेदनाप्रज्ञप्ति का प्रज्ञापन हो—यह सम्भव है। वेदनाप्रज्ञप्ति से···व्यवहार में जगत्प्रपंच का प्रज्ञापन यह सम्भव है।

९. आयुष्मानो! वहीं चक्षुरिन्द्रिय के न रहने पर, रूप के न रहने पर, चक्षु-विज्ञान के न रहने पर स्पर्शप्रज्ञप्ति का प्रज्ञापन हो—यह सम्भव नहीं है।

···श्रोत्र के न रहने पर···। घ्राणेन्द्रिय के न रहने पर···।

असति फस्सपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति । फस्स-पञ्ञत्तिया असति वेदनापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति । वेदनापञ्ञत्तिया असति सञ्ञापञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं [N. 151] विज्जति । सञ्ञापञ्ञत्तिया असति वितक्कपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति । वितक्कपञ्ञत्तिया असति पपञ्चसञ्ञासङ्खासमुदाचरणपञ्ञत्तिं पञ्ञापेस्सती ति—नेतं ठानं विज्जति ।

१०. "यं खो नो, आवुसो, भगवा सङ्खित्तेन उद्देसं उद्दिसित्वा वित्थारेन [R. 113] अत्थं अविभजित्वा उट्ठायासना विहारं पविट्ठो—'यतोनिदानं भिक्खु पुरिसं पपञ्चसञ्ञासङ्खा समुदाचरन्ति एत्थ चे नत्थि अभि-नन्दितब्बं अभिवदितब्बं अज्झोसितब्बं एसेवन्तो रागानुसयानं···पे०··· एत्थेते पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ती' ति, इमस्स [B. 160] खो अहं आवुसो भगवता सङ्खित्तेन उद्देसस्स उद्दिट्ठस्स वित्थारेन अत्थं अविभत्तस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामि । आकङ्खमाना च पन तुम्हे आयस्मन्तो भगवन्तं येव उपसङ्कमित्वा एतमत्थं पटिपुच्छेय्याथ । यथा नो भगवा ब्याकरोति तथा नं धारेय्याथा" ति ।

## ४. भगवतो अनुमोदना

११. अथ खो ते भिक्खू आयस्मतो महाकच्चानस्स भासितं अभि-

---

जिह्वा के न रहने पर····। काय के न रहने पर···।

मन के न रहने पर, धर्म के न रहने पर, मनोविज्ञान के न रहने पर स्पर्श प्रज्ञप्ति···व्यवहार में जगत्प्रपंच का प्रज्ञापन हो—यह सम्भव नहीं है ।···

१०. आयुष्मानो ! भगवान् जिस विषय को संक्षेप से उद्दिष्ट कर उसका विस्तार से अर्थविभाजन न कर, आसन से उठ, विहार में प्रविष्ट हो गये थे—'जिसके कारण भिक्षु पुरुष को प्रपंचव्यवहार प्रज्ञापन करते हैं, जो कि न अभि-नन्दनीय है, न तत्त्वमय है, न अवगाहन योग्य है, यही अन्त रागानुशयों का···· होता है । पापमय इच्छायें (धर्म) यहीं निरुद्ध हो जाती हैं ।' आयुष्मानो ! भगवान् के इस संक्षिप्त कथन का मैं यही विस्तृत अर्थ जानता हूँ । आयुष्मानो ! यदि तुम चाहो तो भगवान् की सेवा में पुनः उपस्थित होकर इसका विस्तृत अर्थ ठीक से समझ सकते हो, वे इसका जैसा व्याख्यान (अर्थ) करें वैसा आप लोग मन में धारण करें ।

४. भगवान् का अनुमोदन

११. इसके बाद वे भिक्षु आयुष्मान् महाकात्यायन के भाषण का अभिनन्दन

नन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—"यं खो नो, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन उद्देसं उद्दिसित्वा वित्थारेन अत्थं अविभजित्वा उट्ठायासना विहारं पविट्ठो—'यतोनिदानं भिक्खु पुरिसं पपञ्चसञ्ञासङ्खा समुदाचरन्ति, एत्थ चे नत्थि अभिनन्दितब्बं अभिवदितब्बं अज्झोसितब्बं, एसेवन्तो रागानुसयानं…पे०… एत्थेते पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ती' ति, तेसं नो, भन्ते, अम्हाकं अचिरपक्कन्तस्स भगवतो एतदहोसि—इदं खो नो, आवुसो, भगवा सङ्खित्तेन उद्देसं उद्दिसित्वा वित्थारेन अत्थं अविभजित्वा पे०… पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ती' ति, को नु खो इमस्स भगवता सङ्खित्तेन उद्देसस्स उद्दिट्ठस्स वित्थारेन अत्थं अविभत्तस्स वित्थारेन अत्थं विभजेय्या ति ? तेसं नो, भन्ते, अम्हाकं एतदहोसि—'अयं खो आयस्मा महाकच्चानो सत्थु चेव संवण्णितो…पे०….महाकच्चानं एतमत्थं पटिपुच्छेय्यामा' ति। अथ खो मयं, भन्ते, येनायस्मा महाकच्चानो तेनुपसङ्कमिम्ह; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं महाकच्चानं एतमत्थं पटिपुच्छिम्ह। तेसं नो, भन्ते, आयस्मता महाकच्चानेन इमेहि [B. 161, R.114, N. 152] आकारेहि इमेहि पदेहि इमेहि ब्यञ्जनेहि अत्थो विभत्तो" ति।

---

कर, अनुमोदन कर, आसन से उठ जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। बैठकर भगवान् से यों निवेदन किया—

'भन्ते ! यह जो आपने अभी थोड़ी देर पहले संक्षेप से उपदेश किया था, उसका विस्तार से अर्थ विभाजन न कर आसन से उठकर आप विहार में प्रविष्ट हो गये थे—"जिस कारण भिक्षु पुरुष को जगत्प्रपञ्च में फँसना पड़ता है, जो कि अनभिनन्दनीय भी है, निःसार भी, और अव्यवहार्य भी है, वही पापमय रागानुशय का… यहाँ पापमय अकुशल धर्मों का, पापेच्छाओं का निःशेषतः निरोध हो जाता है'—यह जो संक्षिप्त उपदेश किया उसे विस्तार से विभाजित किये बिना ही आप विहार में चले गये। तब भगवान् के चले जाने के थोड़ी देर बाद, हम लोगों ने आयुष्मान् महाकात्यायन से इसका विस्तृत अर्थ पूछा। हमारे वैसा पूछने पर, आयुष्मान् महाकात्यायन ने इन आकारों तथा इन पदों से इन व्यञ्जनों से यों अर्थ विभाजन किया।…(यहाँ पूर्वोक्त महाकात्यायन की विस्तार देशना वाली पालि का पुनः पाठ करना चाहिये।)

"पण्डितो, भिक्खवे, महाकच्चानो; महापञ्ञो, भिक्खवे, महाकच्चानो। मं चे पि तुम्हे, भिक्खवे, एतमत्थं पटिपुच्छेय्याथ, अहं पि तं एवमेवं ब्याकरेय्यं यथा तं महाकच्चानेन ब्याकतं। एसो चेवेतस्स अत्थो। एवं च नं धारेथा" ति।

## ५. परियायनामगहणं

१२. एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"सेय्यथापि, भन्ते, पुरिसो जिघच्छादुब्बल्यपरेतो मधुपिण्डिकं अधिगच्छेय्य, सो यतो यतो सायेय्य लभेथेव सादुरसं असेचनकं। एवमेव खो, भन्ते, चेतसो भिक्खु दब्बजातिको, यतो यतो इमस्स धम्मपरियायस्स पञ्ञाय अत्थं उपपरिक्खेय्य, लभेथेव अत्तमनतं, लभेथेव चेतसो पसादं। को नामो अयं, भन्ते, धम्मपरियायो" ति ?

"तस्मातिह त्वं, आनन्द, इमं धम्मपरियायं मधुपिण्डिकपरियायो त्वेव नं धारेहि" ति।

१३. इदमवोच भगवा। अत्तमनो आयस्मा आनन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दी ति।

---

"भिक्षुओ ! महाकात्यायन पण्डित है। वह महाप्राज्ञ है। यदि भिक्षुओ ! तुमने यह विस्तार मुझसे पूछा होता तो मैं भी इसका वैसा ही व्याख्यान करता जैसा आयुष्मान् महाकात्यायन ने किया है। यही इसका अर्थ है। ऐसे ही इसे धारण करो।

५. सूत्र का नामकरण

१२. भगवान् के ऐसा कहने पर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से पूछा—"भन्ते, भूख दुर्बलता से पीड़ित पुरुष मधुमिश्रित लड्डू पा जाय, उसे वह जहाँ-जहाँ से खाये वहीं से उसमें वह स्वादु तथा तृप्तिकर रस प्राप्त करे; इसी प्रकार भन्ते ! सावधान और कुशाग्रबुद्धि भिक्षु इस धर्मोपदेश के अर्थ को जिधर से भी प्रज्ञा द्वारा देखेगा उधर से ही उसे सन्तोष मिलेगा, चित्त को शान्ति मिलेगी, प्रसन्नता मिलेगी। भन्ते ! क्या नाम है इस धर्मोपदेश का ?"

"तो आयुष्मान् आनन्द ! तू इस धर्मोपदेश को 'मधुपिण्डिक' नाम से ही धारण कर ले।"

१३. भगवान् ने यह कहा। सन्तुष्ट हो आयुष्मान् आनन्द (आदि भिक्षुओं) ने भगवान् के इस भाषण का अभिनन्दन किया॥

मधुपिण्डिकसुत्त पूर्ण हुआ॥

# १६. द्वेधावितक्कसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने[N.153] अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं।

## १. अकुसलवितक्केसु आदीनवा

भगवा एतदवोच—"पुब्बेव मे, भिक्खवे, सम्बोधा अनभिसम्बुद्धस्स बोधिसत्तस्सेव सतो एतदहोसि—'यन्नूनाहं द्विधा कत्वा द्विधा कत्वा वितक्के विहरेय्यं' ति। सो खो अहं, भिक्खवे, यो चायं कामवितक्को यो च ब्यापादवितक्को यो च विहिंसावितक्को—इमं एकं भागमकासिं। यो चायं नेक्खम्मवितक्को यो च अब्यापादवितक्को यो च [B.162] अविहिंसावितक्को—इमं दुतियं भागमकासिं।

२. "तस्स मय्हं, भिक्खवे, एवं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति कामवितक्को। सो एवं पजानामि—'उप्पन्नो [R.115] खो मे अयं कामवितक्को। सो च खो अत्तब्याबाधाय पि संवत्तति, परब्याबाधाय पि संवत्तति, उभयब्याबाधाय पि संवत्तति, पञ्ञानिरोधिको विघातपक्खिको अनिब्बानसंवत्तनिको'। 'अत्तब्याबाधाय संवत्तती' ति

---

# १६. द्विधावितर्कसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है कि एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डिक द्वारा बनवाये गये जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को "भिक्षुओ" कहकर पास बुलाया। भिक्षु भी "भदन्त" कह कर प्रत्युत्तर दे पास पहुँचे।

## १. अकुशलवितर्कों के दुष्परिणाम

भगवान् बोले—"भिक्षुओ! सम्बोधि से पूर्व, जब मैं बोधिसत्व ही था, मुझे यह हुआ—'निश्चय ही मुझे सभी बातों पर दो भागों में विचार करना चाहिये। तब भिक्षुओ! मैंने यह जो अकुशल कामवितर्क, व्यापादवितर्क, विहिंसावितर्क है—इस तरह वितर्कों का यह एक भाग किया। और जो (उनके प्रतिकूल) नैष्कर्म्य वितर्क, अव्यापादवितर्क, अविहिंसा वितर्क हैं इनको दूसरे भाग में लिया।

२. तब मुझे अप्रमादी अवस्था में उद्योग करते हुए, प्रणिधान करते हुए को कामवितर्क हुआ। उस पर मैंने यों विचार किया—यह काम वितर्क तो अपने और दूसरों के लिये भी दुःखद बल्कि यों कहिये कि दोनों के लिए दुःखद है। यह प्रज्ञा का विरोधी है, नाश कारक और निर्वाण की ओर न ले जाने वाला ही है। इसकी आत्मघातिता पर विचार करते हुए मुझे यों लगा कि यह सन्मार्ग से भट-

पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति, 'परब्याबाधाय संवत्तती' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति, 'उभयब्याबाधाय संवत्तती' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति, 'पञ्ञा-निरोधिको विघातपक्खिको अनिब्बानसंवत्तनिको' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति। सो खो अहं, भिक्खवे, उप्पन्नुप्पन्नं कामवितक्कं पजहमेव विनोदमेव ब्यन्तमेव नं अकासिं।

३. "तस्स मय्हं, भिक्खवे, एवं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति ब्यापादवितक्को" पे०…उप्पज्जति विहिंसावितक्को। [N.154] सो एवं पजानामि—'उप्पन्नो खो मे अयं विहिंसावितक्को। सो च खो अत्तब्याबाधाय पि संवत्तति, परब्याबाधाय पि संवत्तति, उभय-ब्याबाधाय पि संवत्तति. पञ्ञानिरोधिको विघातपक्खिको अनिब्बान-संवत्तनिको'। 'अत्तब्याबाधाय संवत्तती' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चि-क्खतो अब्भत्थं गच्छति; 'परब्याबाधाय संवत्तती' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति, 'उभयब्याबाधाय संवत्तती' ति पि मे भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति, 'पञ्ञानिरोधिको विघात-पक्खिको अनिब्बानसंवत्तनिको' ति पि मे, भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति। सो खो अहं, भिक्खवे, उप्पन्नुप्पन्नं विहिंसावितक्कं पजह-मेव विनोदमेव ब्यन्तमेव नं अकासिं।

---

काने वाला ही है। यही बात दूसरों या दोनों के बाधा-उत्पादकता में भी लगी कि यह तो दोनों को ही कुमार्ग की ओर जाने वाला या सन्मार्ग से भटकाने वाला ही है। यही निष्कर्ष मैंने उनकी प्रज्ञा निरोधकताविनाश के मार्ग और निर्वाण की विरोधिता पर विचार करते हुए काम वितर्क को सर्वथा व्यर्थ ही समझा। और यों चिन्तन करते करते मैंने इससे दूर रहने का, छोडने का, नष्ट करने का निश्चय किया।

३. इसी तरह भिक्षुओ! जब कभी मुझे व्यापादवितर्क उत्पन्न होता… पूर्ववत्… विहिंसावितर्क उत्पन्न होता। उसके विषय में मैं यों विचार करता—'मुझे जो यह विहिंसावितर्क उत्पन्न हुआ है, वह आत्मघाती तो है ही, परघाती भी है, उभय-घाती भी है। यह प्रज्ञानिरोधक भी है, विनाशकारी है, निर्वाण मार्ग से भटका देने वाला है। इसकी आत्मघातिता पर विचार करते हुए…उसे नष्ट ही कर दिया, दूर ही कर दिया, नजदीक नहीं आने दिया।

४. "यञ्ञदेव, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, तथा तथा नति होति चेतसो। कामवितक्कं चे, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, पहासि नेक्खम्मवितक्कं, कामवितक्कं [B 163] बहुलमकासि तस्स तं कामवितक्काय चित्तं नमति। ब्यापादवितक्कं चे, भिक्खवे…पे०…विहिंसावितक्कं चे, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, पहासि अविहिंसावितक्कं, विहिंसावितक्कं बहुलमकासि, तस्स तं विहिंसावितक्काय चित्तं नमति। सेय्यथापि, भिक्खवे, वस्सानं पच्छिमे मासे सरदसमये किट्ठसम्बाधे गोपालको गावो रक्खेय्य। सो ता गावो ततो ततो दण्डेन आकोटेय्य पटिकोटेय्य सन्निवारेय्य। तं किस्स हेतु? पस्सति हि सो, भिक्खवे, गोपालको ततोनिदानं वधं वा बन्धनं वा जानिं वा गरहं वा। एवमेव खो अहं, भिक्खवे, अद्दसं अकुसलानं धम्मानं आदीनवं ओकारं सङ्किलेसं, कुसलानं धम्मानं नेक्खम्मे आनिसंसं वोदानपक्खं।

## २. कुसलवितक्केसु आनिसंसा

५. "तस्स मय्हं, भिक्खवे, एवं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहि- [R 116]

---

४. भिक्षुओ! भिक्षु जिस वस्तु का ज्यों-ज्यों अधिक विचार-वितर्क करता है, त्यों-त्यों उसका मन उधर ही झुकता जाता है। कामवितर्क पर यदि वह ज्यादा वितर्क-विचार करता है, उसका ध्यान नैष्कर्म्यवितर्क की ओर नहीं जाता, कामवितर्क में ही उलझा रहता है। उस का चित्त कामवितर्क की ओर झुकता जाता है। वह व्यापादवितर्क पर अधिक विचार-वितर्क करता है…विहिंसावितर्क पर अधिक विचार वितर्क करता है तो उसका चित्त उधर ही झुकता जाता है। जैसे भिक्षुओ! वर्षा ऋतु के अन्तिम दिनों में, शरदऋतु के आने पर, जब बोये खेतों में रास्ते की कठिनाई हो जाती है, तो ग्वाला अपनी गायों पर सब तरफ से ध्यान रखता है कि कोई गाय किसी धान के खेत में न घुस जाय। वह उन गायों को वहाँ से दूर हटाता रहता है जहाँ से उनका खेतों में जाने का सन्देह होता हो। वह किसलिये? भिक्षुओ! वह ग्वाला उन गायों के खेत में घुसने के कारण होनेवाले अपने बन्धन को, पिटाई को, फटकार को, निन्दा को जानता है। इसी तरह भिक्षुओ! भिक्षु को अपने कामवितर्कों से होने वाले दुष्परिणाम को, उनसे होने वाली हानि तकलीफ को और कुशल धर्मों की नैष्कर्म्य की तरफ प्रवृत्ति को प्रतिक्षण ध्यान रखना चाहिये।

### २. कुशलचिन्तन की अच्छाइयाँ

५. भिक्षुओ! इस प्रकार प्रमादरहित उद्यमशील, आत्मसंयमी होकर साधना

तत्तस्स विहरतो उप्पज्जति नेक्खम्मवितक्को । सो एवं पजानामि—'उप्पन्नो [N. 155] खो मे अयं नेक्खम्मवितक्को; सो च खो नेवत्तब्याबाधाय संवत्तति, न परब्याबाधाय संवत्तति, न उभयब्याबाधाय संवत्तति, पञ्ञावुद्धिको अविघातपक्खिको निब्बानसंवत्तनिको रत्तिं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केय्यं अनुविचारेय्यं नेव ततोनिदानं भयं समनुपस्सामि । दिवसं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केय्यं अनुविचारेय्यं, नेव ततोनिदानं भयं समनुपस्सामि । रत्तिन्दिवं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केय्यं अनुविचारेय्यं, नेव ततो निदानं भयं समनुपस्सामि । अपि च खो मे अतिचिरं अनुवितक्कयतो अनुविचारयतो कायो किलमेय्य । काये किलन्ते चित्तं उहञ्ञेय्य । ऊहते चित्ते आरा चित्तं समाधिम्हा' ति । सो खो अहं, भिक्खवे, अज्झत्तमेव चित्तं सण्ठपेमि सन्निसादेमि एकोदिं करोमि समादहामि । तं किस्स हेतु ? 'मा मे चित्तं ऊहञ्ञी' ति ।

६. "तस्स मय्हं, भिक्खवे, एवं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति अब्यापादवितक्को···पे०···उप्पज्जति अविहिंसावितक्को सो एवं पजानामि—'उप्पन्नो खो मे अयं अविहिंसावितक्को । सो च खो नेवत्तब्याबाधाय संवत्तति, न परब्याबाधाय संवत्तति, न उभयब्याबा-[B. 164] धाय संवत्तति, पञ्ञावुद्धिको अविघातपक्खिको निब्बानसंवत्तनिको । रत्तिं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केय्यं अनुविचारेय्यं, नेव ततो-

---

करते हुए मुझे नैष्कर्म्यवितर्क उत्पन्न होता था । उसे मैं यों जान पाया—'मुझे यह नैष्क्रम्यवितर्क उत्पन्न हुआ है, परन्तु यह न तो अपने को, न दूसरों को पीड़ित करने के लिये है, न स्व-पर दोनों को पीड़ित करने के लिये है' । यह प्रज्ञा का वर्द्धक है, हानि न पहुँचाने वाला तथा निर्वाण की ओर ले जाने वाला है । रात्रि में यदि इस नैष्क्रम्यवितर्क की भावना करे तो उसे भय नहीं हो सकता । दिन में यदि इसका अनुवितर्क अनुविचार करें तो भी कोई भय नहीं । रात-दिन····। परन्तु यों बहुत देर तक अनुवितर्क अनुविचार करते-करते मेरा शरीर ढीला पड़ जाता, दुख चलता, शरीर के ढीला पड़ जाने पर, चित्त शिथिल पड़ जाता । चित्त के शिथिल हो जाने पर, वह समाधि से दूर हट जाता । तब, मैं भिक्षुओ ! अपने अध्यात्म में चित्त को समाहित करता, स्थिर करता, एकाग्र करता था । वह किस कारण ? मेरा चित्त शिथिल न हो जाय ।

६. भिक्षुओ ! यों अप्रमत्त, उद्योगशील, समाधिस्थ रह कर अभ्यास करते मुझको अव्यापादवितर्क उत्पन्न होता था ।···पूर्ववत्····अविहिंसावितर्क उत्पन्न होता था ।

निदानं भयं समनुपस्सामि। दिवसं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केय्यं अनुविचारेय्यं, नेव ततोनिदानं भयं समनुपस्सामि। रत्तिन्दिवं चे पि नं, भिक्खवे, अनुवितक्केयं अनुविचारेय्यं, नेव ततोनिदानं भयं समनुपस्सामि। अपि च खो मे अतिचिरं अनुवितक्कयतो अनुविचारयतो कायो किलमेय्य। काये किलन्ते चित्तं ऊहञ्ञेय्य। ऊहते चित्ते आरा चित्तं समाधिम्हा' ति। सो खो अहं, भिक्खवे, अज्झत्तमेव चित्तं सण्ठपेमि, सन्निसादेमि, एकोदिं करोमि समादहामि। तं किस्स हेतु? 'मा मे चित्तं ऊहञ्ञी' ति।

७ "यञ्ञदेव, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, तथा तथा नति होति चेतसो। नेक्खम्मवितक्कं चे, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, पहासि कामवितक्कं, नेक्खम्मवितक्कं बहुलमकासि, तस्सं तं नेक्खम्मवितक्काय चित्तं नमति। अब्यापाद- [N. 156] वितक्कं चे, भिक्खवे....पे०...अविहिंसावितक्कं चे, भिक्खवे, भिक्खु बहुलमनुवितक्केति अनुविचारेति, पहासि विहिंसावितक्कं, अविहिंसावितक्कं बहुलमकासि, तस्स तं अविहिंसावितक्काय चित्तं नमति। सेय्यथापि, भिक्खवे, गिम्हानं पच्छिमे मासे सब्बसस्सेसु गामन्तसम्भतेसु गोपालको

---

उस समय मैं समझ जाता था कि मुझे अविहिंसावितर्क उत्पन्न हो गया है। वह वितर्क न मुझे पीड़ा देता, न दूसरों को, न स्व-पर को पीड़ा देता। अपितु वह प्रज्ञा-वृद्धिकारक, कोई हानि न पहुँचाने वाला, निर्वाण की ओर अग्रसर करने वाला होता था। भिक्षुओ! रात्रि में भी...दिन में भी...रात दिन भी.....।...मेरा चित्त शिथिल न हो जाय।

७. भिक्षुओ! भिक्षु जैसे-जैसे अधिकाधिक अनुवितर्क अनुविचार करता है; त्यों त्यों वह कामवितर्कों का त्याग करता है, और उसका चित्त नैष्कर्म्यवितर्क की ओर बढ़ता चलता है। तब वह कामवितर्कों से दूर हटता जाता है इस तरह उसका चित्त नैष्कर्म्यवितर्क की तरफ बढ़ता चलता है। अव्यापादवितर्क को यदि भिक्षुओ!....अविहिंसावितर्क का यदि भिक्षुओ! भिक्षु अधिकाधिक अनुवितर्कण अनुविचारण करता है तो उसका विहिंसावितर्क छूट जाता है, अविहिंसावितर्क बढ़ने लगता है और उसकाचित्त अविहिंसावितर्क की ओर ही बढ़ता जाता है। जैसे भिक्षुओ! ग्रीष्म ऋतु में जब सारी फसल कटकर घरों में चली जाती है तब, ग्वाला अपनी गायों को स्वच्छन्द छोड़ देता है। उस समय वह केवल इतना याद रखता है कि मेरी इतनी गायें हैं, वैसे ही भिक्षुओ! मैंने अदम्य उत्साह, उद्योग आरम्भ कर रखा था, अशुभों की ओर किसी भी दशा में न झुकने वाली मेरी

[R. 117] गावो रक्खेय्य, तस्स रुक्खमूलगतस्स वा अब्भोकासगतस्स वा सतिकरणीयमेव होति—'एता गावो' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, सतिकरणीयमेव अहोसि—'एते धम्मा' ति।

### ३. झानसमापत्तियो

८. "आरद्धं खो पन मे, भिक्खवे, विरियं अहोसि असल्लीनं उपट्ठिता सति असम्मुट्ठा, पस्सद्धो कायो असारद्धो, समाहितं चित्तं एकग्गं। सो खो अहं, भिक्खवे, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहासिं···पे०··· [B. 165] इति साकारं सउद्देसं अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरामि। अयं खो मे, भिक्खवे, रत्तिया पठमे यामे पठमा विज्जा अधिगता; अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो; यथा तं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो।

९ "सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते सत्तानं चुतूपपातञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेसिं···पे०····यथाकम्मूपगे सत्ते पजानामि। अयं खो मे, भिक्खवे, रत्तिया मज्झिमे यामे दुतिया विज्जा अधिगता; अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो; यथा तं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो।

१०. "सो एवं समाहिते चित्ते परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते आसवानं खयञाणाय चित्तं अभि-

---

स्मृति मेरे सम्मुख थी, मेरा शरीर अचञ्चल तथा शान्त था, और चित्त समाहित और एकाग्र था।

३. ध्यानसमापत्ति

८. भिक्षुओ! उस समय मेरा उत्साह अमन्द था, स्मृति उपस्थित थी, काय अचञ्चल था। उस समय मैं कामभोगों से दूर रह कर, अकुशल कर्मों से दूर रहकर वितर्कविचारसहित विवेकजन्य प्रीतिसुख को अनुभव करता हुआ प्रथम ध्यान की साधना करता था।··· पूर्ववत् ···।

९. इस तरह चित्त के समाहित हो जाने पर परिशुद्ध पर्यवदात, स्थिर, मृदु···· प्राणियों के विषय में सब कुछ जानने लगा। उस समय रात्रि के मध्यम प्रहर में, मुझे द्वितीय विद्या प्राप्त हुई, मेरे सामने प्रकाश हो गया, अन्धकार नष्ट हो गया।

१०. यों मेरे चित्त के समाहित होने पर, उसको मैंने आस्रवों के क्षय ज्ञान की तरफ बढाया।····पूर्ववत्···। मेरी जाति क्षीण हो गयी, ब्रह्मचर्य पूर्ण हो गया।

विज्जामेसिं""पे०"" खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं [B. 166] करणीयं, नापरं इत्थत्ताया ति अब्भञ्ञासिं। अयं खो मे, भिक्खवे, रत्तिया पच्छिमे यामे ततिया विज्जा अधिगता; अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो; यथा तं अप्पमत्तस्स आतापिनो [N. 157] पहितत्तस्स विहरतो।

## ४. महामिगसङ्घस्स उपमा

११. "सेय्यथापि, भिक्खवे, अरञ्ञे पवने महन्तं निन्नं पल्ललं। तमेनं महामिगसङ्घो उपनिस्साय विहरेय्य। तस्स कोचिदेव पुरिसो उप्पज्जेय्य अनत्थकामो अहितकामो अयोगक्खेमकामो। सो य्वास्स मग्गो खेमो सोवत्थिको पीतिगमनीयो तं मग्गं पिदहेय्य, विवरेय्य, कुम्मग्गं, ओदहेय्य ओकचरं, ठपेय्य ओकचारिकं। एवं हि सो, भिक्खवे, महामिगसङ्घो अपरेन समयेन अनयब्यसनं तनुत्तं आपज्जेय्य। तस्सेव खो पन, भिक्खवे, महतो मिगसङ्घस्स कोचिदेव पुरिसो उप्पज्जेय्य अत्थकामो हितकामो योगक्खेमकामो। सो य्वास्स मग्गो खेमो सोवत्थिको पीतिगमनीयो तं मग्गं विवरेय्य, पिदहेय्य कुम्मग्गं, ऊहनेय्य ओकचरं, नासेय्य ओकचारिकं। एवं हि सो, भिक्खवे, महामिगसङ्घो अपरेन समयेन वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जेय्य।

१२. "उपमा खो मे अयं, भिक्खवे, कता अत्थस्स विञ्ञा- [R. 118]

---

कर्तव्य पूर्ण हो गया। भिक्षुओ! रात्रि के अन्तिम प्रहर में मुझे तृतीय विद्या अधिगत हुई, यों मेरी अविद्या नष्ट हो गयी। अन्धकार नष्ट हो गया।

४. महामृगसंघ की उपमा

११. भिक्षुओ! जैसे एकान्त अरण्य में किसी सुन्दर स्वच्छ तालाब के किनारे कोई बड़ा मृगों का झुण्ड आराम से विचरण करता हो। वहाँ कोई पुरुष उनका अहित व अनर्थ करने पहुँचे। वहाँ वह उस मृगसमूह के आने जाने का जो सही रास्ता हो, उसे रोक दे, उस से वह मृगसमूह कुछ तकलीफ पाने लगे। कोई नया गलत रास्ता निकाल दे और वहाँ जाल डाल दे इससे किसी समय वह मृगसमूह विपत्ति में फंस जाय या नष्ट होने लगे। इसी बीच कोई दूसरा आदमी वहाँ आवे और उस गलत रास्ते को बन्द कर जाल हटा कर सही रास्ता खोल दे तो वह मृगसमूह वृद्धि, व विपुलता को प्राप्त हो।

१२. भिक्षुओ! ऊपर कहे अर्थ को स्पष्ट करने के लिये मैंने यह दृष्टान्त तुम्हारे सामने रखा हैं। दृष्टान्त को यहाँ यों लगाओ—

पनाय। अयं चेवेत्थ अत्थो—महन्तं निन्नं पल्ललं ति खो, भिक्खवे, कामानमेतं अधिवचनं। महामिगसङ्घो ति खो, भिक्खवे, सत्तानमेतं अधिवचनं। पुरिसो अनत्थकामो अहितकामो अयोगक्खेमकामो ति खो, भिक्खवे, मारस्सेतं पापिमतो अधिवचनं। कुम्मग्गो ति खो, भिक्खवे, अट्ठङ्गिकस्सेतं मिच्छामग्गस्स अधिवचनं, सेय्यथीदं—मिच्छादिट्ठिया मिच्छासङ्कप्पस्स मिच्छावाचाय मिच्छाकम्मन्तस्स मिच्छाआजीवस्स मिच्छावायामस्स मिच्छासतिया मिच्छासमाधिस्स। ओकचरोति खो, भिक्खवे, [B. 167] नन्दिरागस्सेतं अधिवचनं। ओकचारिका ति खो, भिक्खवे, अविज्जायेतं अधिवचनं। पुरिसो अत्थकामो हितकामो योगक्खेमकामो ति खो भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। खेमो मग्गो सोवत्थिको पीतिगमनीयो ति खो, भिक्खवे, अरियस्सेतं अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स अधिवचनं, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठिया सम्मासङ्कप्पस्स सम्मावाचाय सम्माकम्मन्तस्स सम्माआजीवस्स सम्मावायामस्स सम्मासतिया सम्मासमाधिस्स।

[N. 158] १३. "इति खो, भिक्खवे, विवटो मया खेमो मग्गो सोवत्थिको पीतिगमनीयो, पिहितो कुम्मग्गो, ऊहतो ओकचरो, नासिता ओकचारिका। यं, भिक्खवे, सत्थारा करणीयं सावकानं हितेसिना अनुकम्पकेन अनुकम्पं उपादाय, कतं वो तं मया। एतानि, भिक्खवे, रुक्खमूलानि, एतानि

---

उस स्वच्छ तालाब की तरह कामभोग हैं। ये प्राणी महामृगसमूहतुल्य हैं। वह अहितकारक आदमी ही यहाँ पापेच्छावत् है। कुमार्ग (जो कि आठ प्रकार का है) ही मिथ्यामार्ग है। और अविद्या जालरूप है। आठ कुमार्ग हैं—१. मिथ्यादृष्टि, २. मिथ्यासङ्कल्प, ३. मिथ्यावचन, ४. मिथ्याकर्मान्त; ५. मिथ्याआजीव, ६. मिथ्याव्यायाम, ७. मिथ्या स्मृति और ८. मिथ्या समाधि।

उधर भिक्षुओ! उस मृगसमूह रूपी प्राणियों के हिताकांक्षी अर्थाकांक्षी अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध हैं। सही मार्ग के रूप में सम्यग्दृष्टि आदि आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग है। इस तरह भिक्षुओ मैंने उनके लिये क्षेमकर, प्रीतिकर मार्ग खोल दिया। अविद्यारूपीजाल को नष्ट कर दिया।

१३. भिक्षुओ! श्रावकों के हितैषी, अनुकम्पक, शास्ता को अनुकम्पा करके, जो करना था वह तुम्हारे लिये कर दिया। भिक्षुओ! ये वृक्षमूल पड़े हैं, ये एकान्त अरण्यप्रदेश हैं, ये सूने मन्दिर हैं, यहीं ध्यानमग्न हो समाधिरत हो जाओ।

सुञ्ञागारानि; झायथ, भिक्खवे, मा पमादत्थ; मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ। अयं वो अम्हाकं अनुसासनी" ति।

१४ इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति॥

---

भिक्षुओ! तुम न कोई प्रमाद करो, न कोई ऐसा कुकर्म करो, जिससे बाद में पछताना पड़े। यही तुम्हारे लिये मेरा अनुशासन है।"

१४. भगवान् ने यह उपदेश किया। आत्तमना (सन्तुष्ट) होकर भिक्षुओं ने इसका अभिनन्दन किया।

द्वेधावितक्कसुत्त समाप्त हुआ॥

# २०. वितक्कसण्ठानसुत्तं

[N. 159] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" [R. 119] ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं।

### १. अकुसलनिमित्तम्हा कुसलनिमित्तं मनसि कातब्बं

भगवा एतदवोच—

"अधिचित्तमनुयुत्तेन, भिक्खवे, भिक्खुना पञ्च निमित्तानि कालेन कालं मनसि कातब्बानि। कतमानि पञ्च? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो उप्पज्जन्ति पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तम्हा निमित्ता अञ्ञं निमित्तं मनसि कातब्बं कुसलूपसंहितं। तस्स तम्हा निमित्ता अञ्ञं निमित्तं मनसिकरोतो कुसलूपसहितं ये पापका [B. 168] अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्दिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

---

# २०. वितर्कसंस्थानसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है कि एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा बनाये गये जेतवनाराम स्थित महाविहार में आवास कर रहे थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को 'भिक्षुओ!' सम्बोधन से अपने पास बुलाया। 'भदन्त' कह कर भिक्षुओं ने ससम्मान उत्तर दिया और पास आये।

### १. अकुशल निमित्त से कुशल निमित्त को मन में धारण करना

भगवान् ने उनको यों उपदेश करना प्रारम्भ किया—

भिक्षुओ! भिक्षु को चित्त के अनुशीलन में लगे रह कर समय-समय पर इन पाँच निमित्तों का अनुशीलन करते रहना चाहिये। कौन से पाँच? भिक्षुओ यहाँ भिक्षु को जिस निमित्त को लेकर, निमित्त को मन में धारण कर राग-द्वेष-मोह वाले पापमय अकुशल वितर्क उत्पन्न होते हैं···भिक्षु उस निमित्त को छोड़कर; दूसरे कुशल निमितों को मन में धारण करे। उसके उस निमित्त को छोड़कर दूसरे निमित्त को धारण करने से जो पापमय अकुशल स्वेच्छायुक्त, द्वेष-मोह संयुक्त वितर्क हैं वे प्रहीण हो जायँगे, नष्ट हो जायगें। उनके प्रहीण होने से आध्यात्मिक चित्त ही दिखायी देगा, चित्त एकाग्र होगा, समाधि निष्ठ हो जायगा।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, दक्खो पलगण्डो वा पलगण्डन्तेवासी वा सुखुमाय आणिया ओळारिकं आणिं अभिनिहनेय्य अभिनीहरेय्य अभिनिवत्तेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो उप्पज्जन्ति पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तम्हा निमित्ता अञ्ञं निमित्तं मनसि कातब्बं कुसलूपसंहितं। तस्स तम्हा निमित्ता अञ्ञं निमित्तं मनसिकरोतो कुसलूपसंहितं ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

## २. अकुसलवितक्कानं आदीनवो उपपरिक्खितब्बो

२. "तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो तम्हा निमित्ता अञ्ञं [N 160] निमित्तं मनसिकरोतो कुसलूपसंहितं उप्पज्जन्ते व पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तेसं वितक्कानं आदीनवो उपपरिक्खितब्बो—'इति पि मे वितक्का अकुसला, इति पि मे वितक्का सावज्जा, इति पि मे वितक्का दुक्खविपाका' ति। तस्स तेसं वितक्कानं आदीनवं उपपरिक्खतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति

---

"जैसे भिक्षुओ ! कोई चतुर मिस्त्री या मिस्त्री का शागिर्द टेढ़ी-मेढ़ी लकड़ी से उपयोगी छोटी लकड़ी निकाल लेता है, बना लेता है; इसी तरह भिक्षुओ ! उस भिक्षु को जिस निमित्त के सहारे जो पापमय अकुशल छन्दयुक्त राग-द्वेष-मोहयुक्त वितर्क उत्पन्न हो उस निमित्त को छोड़कर भिक्षुओ ! उस भिक्षु को दूसरा कुशल निमित्त मन में धारण करना चाहिये। यों इस कुशल निमित्त को मन में लाते रहने से एक समय आयगा कि उसके वे पापमय अकुशल वितर्क जो कि छन्दयुक्त हैं राग-द्वेष-मोहयुक्त हैं, प्रहीण हो जायगें, अस्त हो जायगें। उनके प्रहीण होने से उसका चित्त स्थिर रहेगा, एकाग्र रहेगा, समाधिनिष्ठ होता चलेगा।

२. अकुशल निमित्तों के दुष्परिणाम का चिन्तन करना चाहिये

२. भिक्षुओ ! भिक्षु के उस निमित्त से दूसरा कुशल निमित्त मन में उत्पन्न होने पर भी यदि अकुशल निमित्त उत्पन्न होते ही रहें तो उसे उन अकुशल निमित्तों के दुष्परिणाम के विषय में यों चिन्तन करना चाहिये-'मेरे ये वितर्क अकुशलनिमित्तक हैं, ये दोष युक्त हैं, दु:खपरिणाम वाले हैं'। यों उन वितर्कों की समीक्षा करने पर,

ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, इत्थी वा पुरिसो वा दहरो युवा मण्डनकजातिको [R. 120] अहिकुणपेन वा कुक्कुरकुणपेन वा मनुस्सकुणपेन वा कण्ठे आसत्तेन अट्टियेय्य हरायेय्य जिगुच्छेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे, तस्स चे भिक्खुनो तम्हा पि निमित्ता अञ्ञं निमित्तं मनसिकरोतो कुसलूपसंहितं उप्पज्जन्तेव पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तेसं वितक्कानं आदीनवो उप- [B. 169] परिक्खितब्बो – 'इति पि मे वितक्का अकुसला, इति पि मे वितक्का सावज्जा, इति पि मे वितक्का दुक्खविपाका' ति। तस्स तेसं वितक्कानं आदीनवं उपपरिक्खतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

### ३. अकुसलवितक्कानं असतिअमनसिकारो आपज्जितब्बो

३. "तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं आदीनवं उपपरिक्खतो उप्पज्जन्ते व पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तेसं वितक्कानं असतिअमनसिकारो आपज्जितब्बो। तस्स तेसं वितक्कानं असतिअमनसिकारं आपज्जतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता

---

उसके राग...अवितर्क नष्ट हो जाते हैं अस्त हो जाते हैं। उनके नाश से उसका चित्त स्वस्थ हो जाता है, समाधिनिष्ठ हो जाता है।

भिक्षुओ! जैसे कोई सजने सँवरने वाली सुन्दर स्त्री या पुरुष, मरे साँप या मरे कुत्ते या मरे मुर्दे के कण्ठ में, लगने से घृणा करता है दूर रहना चाहता है, उसी तरह भिक्षुओ! उस भिक्षु को अकुशल निमित्त से अन्य निमित्त को मन में धारण करते हुए...अकुशल वितर्क उठें तो उनके बारे में चिन्तन करना चाहिये ...इससे वे नष्ट हो जाते हैं। ...।

### ३. अकुशल वितर्कों को मन में नहीं लाना चाहिये

३. भिक्षुओ! ऐसा करते हुए भी उस भिक्षु को यदि वे पापमय अकुशल वितर्क उत्पन्न होते ही रहें तो उसे ऐसा कुछ करना चाहिये कि वे अकुशल वितर्क उसके मन में आने ही न पावें। इस तरह उन अकुशल वितर्कों के मन में न आने

पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, चक्खुमा पुरिसो आपाथगतानं रूपानं [N. 161] अदस्सनकामो अस्स; सो निमीलेय्य वा अञ्ञेन वा अपलोकेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, तस्स चे भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं आदीनवं उपपरिक्खतो उप्पज्जन्तेव पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

### ४. तेसं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसि कातब्बं

४. "तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं असति-अमनसिकारं आपज्जतो उप्पज्जन्तेव पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तेसं वितक्कानं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसि कातब्बं। तस्स तेसं वितक्कानं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसिकरोतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति

---

देने से जो अन्दर बचे हुए, रागादियुक्त अकुशल वितर्क हैं वे नष्ट हो जायंगे। उनके नष्ट होने से उसका चित्त स्थिर हो जायगा, समाधिनिष्ठ हो जायगा।

"जैसे भिक्षुओ! कोई पुरुष रास्ते में आयी किसी चीज को न देखना चाहता हो तो वह उसकी ओर से आँखें मूँद लेता है या दूसरी ओर देखने लगता है तो उसका ध्यान उधर से हट जाता है, इसी तरह भिक्षुओ! उस भिक्षु को उन अकुशल वितर्कों का दुष्परिणाम-चिन्तन करने पर भी वे वितर्क उसका पीछा न छोड़ते हों तो उसे उनके विषय में कुछ भी विचार करना छोड़ देना चाहिये। इस तरह उसके वे अकुशल वितर्क उसका साथ छोड़ देंगे। यों उसका चित्त स्थिर हो जायगा।...

#### ४. उन वितर्कों का संस्कार-संस्थान चिन्तन करना चाहिये

४. भिक्षुओ! यदि उस भिक्षु को उन वितर्कों के मन में न लाने, मन में न करने से भी वे रागादियुक्त पापमय अकुशल वितर्क उत्पन्न होते ही रहें, तो भिक्षुओ! उस भिक्षु को उन अकुशल वितर्कों के संस्कारों का संस्थान ( आकार ) का चिन्तन करना चाहिये। इस संस्कार-संस्थान पर विचार करने से, अन्त में उसके वे रागादिमय वितर्क प्रहीण हो जाते हैं, और चित्त स्थिर हो जाता है।

ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

'सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सीघं गच्छेय्य। तस्स एवमस्स—'किन्नु खो अहं सीघं गच्छामि? यन्नूनाहं सणिकं गच्छेय्यं' ति। सो सणिकं गच्छेय्य। तस्स एवमस्स—'किन्नु खो अहं सणिकं गच्छामि? यन्नूनाहं तिट्ठेय्यं' ति। सो तिट्ठेय्य। तस्स एवमस्स—'किन्नु खो अहं [B. 170] ठितो? यन्नूनाहं निसीदेय्यं' ति। सो निसीदेय्य। तस्स एवमस्स—'किन्नु खो अहं निसिन्नो? यन्नूनाहं निपज्जेय्यं' ति। सो निपज्जेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, पुरिसो ओळारिकं ओळारिकं इरियापथं अभिनिवज्जेत्वा सुखुमं सुखुमं इरियापथं कप्पेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, तस्स चे भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं असतिअमनसिकारं आपज्जतो उप्पज्जन्ते व पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

### ५. चेतसा चित्तं अभिनिग्गण्हितब्बं

[N. 162] ५ "तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसिकरोतो उप्पज्जन्ते व पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना दन्तेभि दन्तमाधाय जिव्हाय तालुं आहच्च चेतसा चित्तं [R. 121] अभिनिग्गण्हितब्बं अभिनिप्पीळेतब्बं अभिसन्तापेतब्बं तस्स

---

"भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष जल्दी-जल्दी चल रहा हो, उसे ऐसा लगे कि मैं जल्दी क्यों चल रहा हूँ, क्यों न मैं धीरे चलूँ। फिर वह धीरे-धीरे चलने लगे। फिर उसको ऐसा मन में हो कि मैं धीरे-धीरे भी क्यों चल रहा हूँ, क्यों न मैं बैठ जाऊँ। फिर वह बैठ जाय। बैठे हुए को यों मन में आये कि मैं बैठा क्यों हूँ, क्यों न मैं लेट जाऊँ। फिर वह लेट जाय। ऐसे ही भिक्षुओ! वह स्थूल शारीरिक ईर्यापथ (गति) को छोड़ कर सूक्ष्म ईर्यापथ स्वीकार करे; वैसे ही भिक्षुओ! यदि उस भिक्षु को उन वितर्कों के मन में न आने देने की चाह हो तो वह उनके संस्कार-संस्थान का प्रत्यवेक्षण करे। इससे वे अकुशल वितर्क प्रहीण हो जायँगे।

**५. चित्त से चित्त का निग्रह करना चाहिये**

५. भिक्षुओ! यदि उस भिक्षु के वे अकुशल रागद्वेषादियुक्त पापमय वितर्क फिर भी मन में उठते रहें तो उस भिक्षु को दाँतों पर दाँत रख कर जीभ को तालु में

दन्तेभि दन्तमाधाय जिव्हाय तालुं आहच्च चेतसा चित्तं अभिनिग्गण्हतो अभिनिप्पीळयतो अभिसन्तापयतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, बलवा पुरिसो दुब्बलतरं पुरिसं सीसे वा गले वा खन्धे वा गहेत्वा अभिनिग्गण्हेय्य अभिनिप्पीळेय्य अभिसन्तापेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे, तस्स चे भिक्खुनो तेसं पि वितक्कानं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसिकरोतो उप्पज्जन्ते व पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तेन, भिक्खवे, भिक्खुना दन्तेभि दन्तमाधाय जिव्हाय तालुं आहच्च चेतसा चित्तं अभिनिग्गण्हितब्बं अभिनिप्पीळेतब्बं अभिसन्तापेतब्बं। तस्स दन्तेभि दन्तमाधाय जिव्हाय तालुं आहच्च चेतसा चित्तं अभिनिग्गण्हतो अभिनिप्पीळयतो अभिसन्तापयतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता [ B. 171 ] पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहानाअज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति।

### ६. वितक्कपरियायपथेसु वसी

६. "यतो खो, भिक्खवे, भिक्खुनो यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो उप्पज्जन्ति पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि, तस्स तम्हा निमित्ता

---

चिपका कर, यों चित्त से चित्त का निग्रह करते हुए, उसे दबाते हुए अपने उन पापमय अकुशल वितर्कों को साग्रह मन में न लाकर प्रहाण करना चाहिये। यह भी उनसे छुटकारे का एक उपाय है।...।

जैसे भिक्षुओ! कोई बलवान् पुरुष किसी निर्बल को उसकी गर्दन या शिर पकड़ कर, दबा लेता है, उसे बस में कर लेता है, इसी तरह भिक्षुओ! उस भिक्षु को दांत पर दांत रखकर...प्रहाण करना चाहिये। यों उसका चित्त स्थिर हो जाता है, समाधिस्थ हो जाता है।

**६. वितर्क मार्गों पर नियन्त्रण करना चाहिये**

६. भिक्षुओ! क्योंकि भिक्षु को जिस निमित्त के सहारे जो निमित्त मन में धारण करने से पापमय अकुशल रागादियुक्त वितर्क उत्पन्न होते हैं वे उनके स्थान पर

अञ्ञं निमित्तं मनसिकरोतो कुसलूपसंहितं ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति । तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति। तेसं पि वितक्कानं आदीनवं उप-[N.163] परिक्खतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति । तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति । तेसं पि वितक्कानं असतिअमनसिकारं आपज्जतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति। तेसं पि वितक्कानं वितक्कसङ्खारसण्ठानं मनसिकरोतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति । तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्निसीदति एकोदि होति समाधियति। दन्तेभि दन्तमाधाय जिव्हाय तालुं आहच्च चेतसा चित्तं अभिनिग्गण्हतो अभिनिप्पीळयतो अभिसन्तापयतो ये पापका अकुसला वितक्का छन्दूपसंहिता पि दोसूपसंहिता पि मोहूपसंहिता पि ते पहीयन्ति ते अब्भत्थं गच्छन्ति। तेसं पहाना अज्झत्तमेव चित्तं सन्तिट्ठति सन्नि-[R.122] सीदति एकोदि होति समाधियति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु वसी वितक्कपरियायपथेसु । यं वितक्कं आकङ्खिस्सति तं वितक्कं वितक्केस्सति, यं वितक्कं नाकङ्खिस्सति न तं वितक्कं वितक्कस्सति।

---

कुशलमय निमित्तों का चिन्तन करने से भी प्रहीण होते हैं ।…उन अकुशल वितर्कों का दुष्परिणाम सोचते रहने से भी वे प्रहीण हो जाते हैं।…उन अकुशल वितर्कों के संस्कार-संस्थान पर विचार करने से भी वे नष्ट हो सकते हैं ।… उन अकुशल वितर्कों के प्रहाण का एक तरीका यह भी है कि दांतों पर दांत रखकर या जीभ को तालु में सटाकर चित्त को दृढ़तया निगृहीत कर, उन पर विचार करे ।… भिक्षुओ ! ऐसा भिक्षु इन उपर्युक्त नाना उपायों से चित्त को वश में करने वाला होता है । यों वह जिस वितर्क को चाहेगा, उस पर वितर्कण करेगा, जिसको न चाहेगा उस पर वितर्कण नहीं करेगा । उसने तृष्णारूपी बन्धन काट दिया । उसने भलीभाँति दुःखों को जानकर, समझकर, साक्षात्कार कर, उनका प्रहाण कर दिया ।"

अच्छेच्छि तण्हं, विवत्तयि सञ्ञोजनं, सम्मा मानाभिसमया अन्तमकासि दुक्खस्सा" ति।

७. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं [B. 172] अभिनन्दुं ति।

सीहनादवग्गो निट्ठितो दुतियो।

### तस्सुद्दानं

चूळसीहनादलोमहंसवरो महाचूळदुक्खक्खन्धअनुमानिकसुत्तं।
खिलपत्थमधुपिण्डिकद्विधावितक्कपञ्चनिमित्तकथा पुन वग्गो[1] ॥

●

---

७. भगवान् ने यों उपदेश किया। सन्तुष्ट होकर उन भिक्षुओं ने भगवान् के इस उपदेश का अभिनन्दन किया।

वितक्कसण्ठानसुत्त समाप्त ॥

सीहनाद नामक द्वितीय वर्ग समाप्त ॥

### उपसंहार

इस वर्ग में १. चूळसीहनादसुत्त, २. लोमहंस (महासीहनादसुत्त), ३. महादुक्खक्खन्धसुत्त, ४. चूळदुक्खक्खन्धसुत्त, ५. अनुमानसुत्त, ६. चेतोखिलसुत्त, ७. वनपत्थसुत्त, ८. मधुपिण्डिकसुत्त, ९. द्वेधावितक्कसुत्त तथा १०. पञ्चनिमित्त ( वितक्कसण्ठानसुत्त)—ये दश सूत्र व्याख्यात हैं। इन दश सूत्रों का यह 'सीहनादवर्ग' रूप से संग्रह है ॥

---

[1] एत्थ सी० पोत्थके अयं पाठो विज्जति—

चूळमहामिगपोपमनादा, दुक्ख दुवे पि सहत्तनुमाना।
खीलपथा मधु द्वेधवितक्का, पञ्च निमित्त कथेस दुतीयो ॥

ये धम्मा हेतुप्पभवा, हेतुं तेसं तथागतो आह ।
तेसं च यो निरोधो, एवंवादी महासमणो ॥